संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 23 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RNI : DELHIN/2006/19302

वर्ष: 18 अंक: 23 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जय श्रीराम

# एक्शन इंडिया

## 'हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे, प्रभु दिव्य मंदिर में रहेंगे'



# श्रीराम आ गए

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**लंबे** बरसे के बाद आखिरकार अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने सियावर रामचंद्र की जय के जयकारे के साथ की।

**आज हमारे राम आ गए हैं:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सियावर रामचंद्र की जय! आपको सबको प्रणाम, सबको राम-राम! आज हमारे राम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं। इस शुभ घड़ी की आप सभी को, समस्त देशवासियों को बधाई। मैं गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके सामने उपस्थित हुआ हूं।

**शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है:** उन्होंने कहा कि कितना कुछ कहने को है, लेकिन कंठ अवरूद्ध है, शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है, अपार श्रद्धा है, जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश और विश्व के कोने-कोने में राम भक्तों को हो रही होगी। यह क्षण आलौकिक है। यह पल पवित्रतम है। यह माहौल, वातावरण, यह घड़ी, प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है।

**दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है: पीएम मोदी** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि दैवीय आशीर्वाद और दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है। मैं इन सभी दिव्य चेतनाओं को भी नमन करता हूं। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। लंबे वियोग से आई आपत्ति का अंत हो गया है।



### प्राण प्रतिष्ठा

8 कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है: पीएम मोदी
8 शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है: मोदी
8 राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं

## राम आग नहीं, ऊर्जा हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राम के इस काम में कितने ही लोगों ने त्याग और तपस्या की। अनगिनत लोगों, कारसेवकों, संत-महात्माओं के हम सब पर ऋण हैं। आज का अवसर उत्सवता का क्षण तो है ही, लेकिन यह क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का भी क्षण है। यह अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है। दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने इतिहास में उलझ जाते हैं, जब देशों ने उलझी हुई गांठों को खोलने का प्रयास किया तो उन्हें सफलता पाने में कठिनाई आई है। लेकिन हमारे देश ने इतिहास की इस गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता के साथ खोला है। यह बताता है कि हमारा भविष्य, हमारे अतीत से सुंदर होने जा रहा है।

## कालचक्र बदल रहा है: पीएम

**श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया, अब आगे क्या- पीएम मोदी:** संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज अयोध्या भूमि सवाल कर रही है कि श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या। सदियों का इंतजार तो खत्म हुआ, अब आगे क्या। जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने उपस्थित हुई हैं, उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे। आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। हमारी पीढ़ी को कालजयी शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजारों वर्ष बाद की पीढ़ी हमें याद करेगी। यही समय है, सही समय है। हमें आज इस पवित्र समय से अगले एक हजार साल के भारत की नींव रखनी है।

## 'राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं'

पीएम ने कहा कि वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जानते थे। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव का प्रतीक है। हम देख रहे हैं कि निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए, राम आग नहीं हैं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, राम सबके हैं। राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंत हैं।

**'यह सिर्फ देव मंदिर नहीं बल्कि दिग्दर्शन का मंदिर है'**

यह मंदिर मात्र एक दैव मंदिर नहीं है, यह भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, भारत के आधार हैं।





## अब ऐसे दिख रहे राम लला: स्वर्णिम मुकुट, हार और धनुष, प्राण प्रतिष्ठा के समय मन मोहने वाला श्रृंगार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या में आखिर** रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसी बीच रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं।

**रामलला की मूर्ति की क्या विशेषता है?**

भगवान राम के बाल रूप की मूर्ति को गर्भ गृह में स्थापना के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। आभूषण और वस्त्रों से सुसज्जित रामलला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। कानों में कुंडल तो पैरों में कड़े पहने हुए हैं। मूर्ति के नीचे आभामंडल में चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छोटी-छोटी मूर्तियों की पूजा की गई है।

**करीब 200 किलोग्राम वजनी है मूर्ति:** मूर्ति की विशेषताएं देखें तो इसमें कई तरह की खूबियां हैं। मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। इसकी कुल ऊंचाई 4.24 फीट,




जबकि चौड़ाई तीन फीट है। कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर और धनुष है। कृष्ण शैली में मूर्ति बनाई गई है। मूर्ति श्याम शिला से बनाई गई है, जिसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**और क्या खास है?:** रामलला के चारों ओर आभामंडल है। मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं। मूर्ति नीचे एक ओर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी तो दूसरी ओर गरुड़ जी को उकेरा गया है।

मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। मूर्ति को मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

**कठिन था मूर्ति का चयन**

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में तीन मूर्तियों को स्थापित किया गया हैं, जिसमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इनके बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल तो यह था कि गर्भ गृह में किस रूप में रामलला विराजमान होंगे। मूर्तिकारों ने तीनों मूर्तियों को इतना सुंदर बनाया कि चयन करना कठिन हो रहा था कि कौन सी सुंदर है और कौन सी उतनी नहीं है। अंततः बाल रूप वाली मूर्ति को राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजने का फैसला लिया गया।

# 'जय राम के जयघोषों के साथ भारत हुआ राममय'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**लगभग** 500 वर्षों तक हिंदू समाज ने पूरे संयम के साथ संघर्ष किया और आज भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में समस्त सरकार ,जनप्रतिनिधियों, प्रमुख हस्तियों को पूरे भावपूर्ण माहौल में देखकर आनंद की अनुभूति होती है। हर व्यक्ति के मन में उत्सव का माहौल है। चारों तरफ जय राम के जयघोषों के नारों से समस्त भारत राममय हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पलों में क्षेत्र के दर्जनभर मंदिरों में पहुंचे और उल्लास के पलों में भागीदारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी ने रामलला को टेंट में देखा है। लंबी प्रतीक्षा के बाद आज रामलला भव्य मंदिर में पहुंचे हैं। हम इन पलों के साक्षी बने, यह हमारे लिए गौरव और आनंद की बात है।

**धार्मिक अनुष्ठानों में की भागीदारी:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि मंदिरों में अनुष्ठान हो रहे हैं, वाहनों, घरों, प्रतिष्ठानों पर केसरिया ध्वज फहरा रहे हैं। हर आयु वर्ग के व्यक्ति का मन उल्लास से भरा हुआ है। उन्होंने देवी माता मंदिर पाटोदा, बाबा बालक पुरी मंदिर तुंबाहेड़ी, दादा भैया मंदिर गिरधरपुर, बाबा सालीग्राम मंदिर सुबाना, राम मंदिर ढाकला, शिव मंदिर खेड़ी जट्ट, बामड़ौला, गुभाना सहित कई धार्मिक स्थलों पर आयोजित अनुष्ठान भागीदारी की। उन्होंने भावपूर्ण माहौल में अयोध्या से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ देखा। उन्होंने 1992 में राम मंदिर आंदोलन के दौरान उनकी दो बार हुई गिरफ्तारी के संस्मरणों को भावपूर्ण माहौल साझा किया।

# भाजपा नेता एवं मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नागल व ग्रामीणों ने डाली आहुति

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर नांगल कला गांव में हवन यज्ञ किया गया। हवन में भाजपा नेता एवं मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नागल के अलावा ग्रामीणों ने आहुति डाली । मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर भगवा रंग से रंग गए। चारों ओर राम नाम की गूंज रही। पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नंगल ने कहां की राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आज दीपावली का



माहौल है । राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को कहीं भोग तो कहीं शोभायात्रा निकालकर उत्सव मनाया जा रहा है। बाजार में व्यापारिक संगठनों द्वारा दुकानों के बाहर श्रीराम की ध्वजा लगाई गई है। इसके साथ ही दीपावली की तरह बाजारों में एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। मंदिरों को लाइटें व फूलों से सजाया है।

# शिव मंदिर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने भक्तों के साथ हवन



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में राई के शिव मंदिर में सुबह विधि विधान से पूजन के पश्चात हवन समापन हुआ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने भक्तों के साथ हवन किया और प्रभु राम की पूजा अर्चना की। हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया। लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और जय राम के नारे लगाए।

पुनीत त्यागी ने कहा कि आज का दिन हर भारतवासी के लिए बड़े ही गर्व का दिन है, क्योंकि आज हमारे भगवान राम अपने जन्म स्थान पर बने भव्य मंदिर में आ गए हैं।उन्होंने कहा कि भगवान राम प्रत्येक भारतीय और विश्व में व्याप्त सनातनियों के आदर्श हैं।वे सत्यनिष्ठा के प्रतीक, सदाचरण और आदर्श पुरुष के साकार रूप मयार्दा पुरुषोत्तम हैं।

**उमंग**

**8 हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया। लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया**

हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। इस अवसर पर, मनोज त्यागी ,मोंटी वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सतीश वाल्मीकि, मोनू पांचाल, नरेश पांचाल, रविकांत ,संजय, प्रदीप शर्मा, राकेश कौशिक ,मनीष, ललित, खेमचंद शर्मा, विशाल कौशिक, रवीन कौशिक,प्रमोद शर्मा , शोरव त्यागी,छोटे लाल,अनिल त्यागी, गुड्डु, संजीव त्यागी, प्रवेश शर्मा, प्रतीक,अंकित कौशिक, सागर, मोहित ,अशोक कौशिक आदि शामिल हुए



सोनीपत भगवान राम के अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा होने पर समाज सेवी मुकेश मित्तल व अन्य सहयोगियों ने खुशियां मनाई और लड्डू का प्रसाद वितरित किया।

# शमशेर सिंह खरक बनें लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया सह प्रमुख

**टीम एकशन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**
लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने हरियाणा में भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सोमवार को संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। इस बाबत सैनी द्वारा अधिकारिक पत्र भी जारी किया गया है। भाजपा मीडिया के प्रदेश सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक को लोकसभा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति में मीडिया सह प्रमुख का दायित्व दिया गया है। शमशेर सिंह ने मिले दायित्व पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का



आभार जताया है। खरक ने अयोध्या में श्रीराम लला के गर्भग्रह में विराजमान होने पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी।

**जिम्मेदारी**

**8 रामलला विराजमान होने पर खुशी जताते हुए कहा कि आज 22 जनवरी 2024 का दिन देश के इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा**

भाजपा मीडिया प्रदेश सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक ने बताया कि सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी द्वारा लोकसभा प्रबंधन समिति, लोकसभा प्रभारी एवं संयोजकों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति में उन्हें मीडिया सह प्रमुख का दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है उस पर वे पूरी निष्ठा व लगन के साथ काम करेंगे। शमशेर सिंह खरक ने कहा कि चुनाव में भाजपा दस की दस लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। जनता जनार्दन और कार्यकताओं के दम पर तीसरी बार केंद्र में नरेंद मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और प्रदेश में मनोहर लाल मुख्यमंत्री बनना तय है। शमशेर सिंह खरक ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होने पर खुशी जताते हुए कहा कि आज 22 जनवरी 2024 का दिन देश के इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोटि-कोटि आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के करिश्माई नेतृत्व में हम गौरवशाली क्षणों के साक्षी बनें हैं।

# मुख्य सचिव ने की सचिवों के तीसरे अधिकारिता समूह की बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा पीएम गति शक्ति कार्यान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल वेव को अपना रहा है।

राज्य ने अपने 26 विभागों के माध्यम से पीएम गति शक्ति पोर्टल पर 271 डेटा लेयर्स अपलोड की हैं। आज यहां पीएम-गति शक्ति के तहत सचिवों के तीसरे अधिकारिता समूह की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, कौशल ने कहा कि राज्य निगरानी कार्यक्रम (एस.एम.पी.) के तहत नियमित बैठकें पीएम गति शक्ति की निरंतर प्रगति के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दषार्ती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि इस पहल के ठोस परिणाम मिलते रहें। कौशल ने कहा कि इन्वेस्ट इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट से हरियाणा के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) में भारी वृद्धि का पता चलता है, जिसमें गत वित्त वर्ष की तुलना में 16 प्रतिषत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है। यह आश्चर्यजनक रूप से 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर (11,65,985 करोड़ रुपये) है, जो गत वर्ष के 120.44 बिलियन अमेरिकी डॉलर (9,94195 करोड़ रुपये) की तुलना में एक बड़ी छलांग है।

**तेज प्रगति के लिए स्वीकृतियों को किया जाएगा सुव्यवस्थित :** कौशल ने कहा कि राज्य ने बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अनुमोदन प्रक्रिया को सुचारू बनाने, सफल संरचनाओं को रेप्लीकेट करने और विभागों के बीच निरंतर सहयोग को बढ़ावा देने की कल्पना की है। प्रदेष के विकास के लिए पीएम गति शक्ति पोर्टल को अनुकूलित करने की प्रतिबद्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मेरा परिवार मेरी पहचान थीम पर होगी हरियाणा की झांकी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरा परिवार-मेरी पहचान थीम पर हरियाणा की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए तीसरी बार हरियाणा की झांकी का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ कमेटी द्वारा किया गया है। हरियाणा ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहले ही देश भर में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक, मंदीप सिंह बराड़ ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में बताया कि मेरा परिवार-मेरी पहचान" कार्यक्रम की शुरूआत आम जन को घर द्वार पर सरकारी सुविधाएं व सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल इनोवेटिव सोच के साथ प्रदेश में अनूठी योजनाएँ लागू कर हरियाणा को विकास की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा की कई योजनाओं का दूसरे राज्य भी अब अनुसरण कर रहे हैं और केन्द्र सरकार ने भी अपनाया है। इस बार की हरियाणा की झांकी भारत सरकार के थीम - विकसित भारत के साथ सटीक बैठती है, जिसमें विरासत और विकास का सामंजस्य दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय की गठित विशेषज्ञ कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों व मंत्रालयों की झांकियों के चयन की प्रक्रिया नवंबर माह में शुरू की जाती है जिसमें सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश व मंत्रालय अपनी-अपनी थीम पर झांकी संबंधित जानकारी विशेषज्ञ कमेटी के समक्ष रखते हैं। विशेषज्ञ कमेटी प्रासंगिकता और केन्द्र सरकार द्वारा सुझाए गए थीम के आधार पर झांकियों का चयन करती है। महानिदेशक बराड़ ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की झांकी गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही है। गत वर्ष गणतंत्र दिवस पर हरियाणा ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव थीम पर भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप को लेकर झांकी प्रदर्शित की थी। इससे पहले, हरियाणा खेलों में अपनी उपलब्धियों को दशार्ते हुए खेलों में नंबर वन हरियाणा थीम पर अपनी झांकी प्रदर्शित कर चुका है।

हरियाणा भौगोलिक दृष्टि से भले ही छोटा राज्य हो लेकिन उद्योग, कृषि और विविध प्रकार के व्यवसाय के लिए देश में सदैव अग्रणी पंक्ति में रहा है। बराड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के चलते हरियाणा राज्य ने देश को विकसित भारत बनाने के स्वप्न को साकार करने के लिए आधारभूत संरचना तैयार करने सहित कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। इस वर्ष हरियाणा राज्य की झांकी नए भारत को प्रदर्शित कर रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। महानिदेशक बराड़ ने बताया कि झांकी की लोकतंत्र के सार से शुरूआत की गई है जिसमें शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, औद्योगिकीकरण तथा हिसार के राखी गढ़ी में मिले प्राचीन सभ्यता के खजाने को दर्शाया गया है।

**दर्शाया**

**8 औद्योगिकीकरण तथा हिसार के राखी गढ़ी में मिले प्राचीन सभ्यता के खजाने को दर्शाया गया है**

# यह पर्व प्रत्येक जीव जंतु के कण-क लिए ऐतिहासिक: मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 500 साल बाद यह दिन आया है जिसे देखने के लिए हमारे बुजुर्ग लड़ाई लड़ते रहे और कुबार्नी यह देते रहें। उन्होंने कहा कि मुगल काल में भगवान राम के मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया था। जिसे बनाने का सपना आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देखने को मिला है आज पूरा देश जय राम के जय-जयकार से गूंज रहा है । मूलचंद शर्मा आज बल्लभगढ़ में गौ माता को गुड़ खिलाकर दिन की शुरूआत करते हुए कहा कि यह पर्व आज मानव जीवन ही नहीं बल्कि प्रत्येक जीव जंतु कण कण लिए ऐतिहासिक है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा भगवान राम कण कण में विराजमान है। परिवहन मंत्री ने कहा कि आज का पर्व बड़े जोश के साथ मनाया जा रहा है। आज का पर्व बच्चे,बड़े और बुजुर्गों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र राममय हो गया है। आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। पूरे देश व प्रदेश मे शहरों में ढोल बाजे से जगह शोभा यात्राएं निकाली जा रही है।

परिवहन मंत्री फरीदाबाद में निकाली जाने वाली शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके उपरांत उन्होंने हवन यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे। मूलचंद शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढि ?ां इस दिन को हमेशा अपने दिलों में सजा कर रखेगी।

उन्होंने बल्लभगढ़ शहर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि देश के 140 करोड़ जनता को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिया गया यह सबसे बड़ा तोहफा ह

**प्राण प्रतिष्ठा**

**8 मूलचंद शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढियां इस दिन को हमेशा अपने दिलों में सजा कर रखेगी**

## प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य और आदर्श : कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य हैं, आदर्श हैं, हमारे प्राण हैं। उनके जीवन का त्याग, करुणा व संघर्ष हमारी प्रेरणा है। भगवान राम धीरोदात्त नायक थे, उनके शील व धैर्य के कारण उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। कैबिनेट मंत्री ने सोमवार को टोहाना की नई सब्जी मंडी, प्राचीन हनुमान मंदिर सपरा मोहल्ला, राम मंदिर चंडीगढ़ रोड, एफसीआई गोदाम, हनुमान मंदिर नई अनाज मंडी, नया बाजार टोहाना, राम भवन टोहाना, डांगरा धाम, कृष्ण मंदिर जाखल पुरानी सब्जी मंडी टोहाना में रामलला प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर भगवान प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रभु राम के भजनों का आनंद लिया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर सबके सुख समृद्धि की कामना की। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि आज का दिन देशवासियों के लिए गौरव का दिन है।

## सरकार प्रत्येक वर्ग के हितों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध: बबली

**चंडीगढ़:** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। सरकार की सोच है कि अंतिम और पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुगमता के साथ पहुंचे, इसी उद्देश्य के साथ पीएम मोदी जी की गारंटी वैन प्रत्येक ग्राम पंचायत व शहर में पहुंच रही हैं।

कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने आज जिला फतेहाबाद के टोहाना और जाखल में भगवान राम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा का स्वागत किया। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बीडीपीओ कार्यालय परिसर टोहाना व अनाज मंडी ग्राउंड जाखल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन करते हुए नागरिकों को त्वरित योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए व उपस्थित जनों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ गरीबों व वंचितों के हितों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है।

# अग्रसेन धाम कुंडली में लगातार 7 घंटे हुआ भगवान श्रीराम जी का महाभिषेक



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली स्थित अग्रसेन धाम पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में रंगारंग धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस अवसर पर सैकड़ो बच्चों ने रामायण से जुड़े पत्रों का वेस्ट धारण करके नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की। धाम की तरफ से प्रभु राम की एक अलौकिक प्रतिमा को स्थापित किया गया जिसका सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पंचामृत से अभिषेक किया। इसी पर धाम पर इकट्ठे हुए सभी राम भक्तों ने एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का श्रद्धापूर्वक अवलोकन किया और जय राम के नारे लगाकर आसमान को गुंजायमान कर दिया। अग्रसेन धाम के प्रधान राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ 9 नवंबर से आरंभ हुआ अनुष्ठान का कार्यक्रम संपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों में सुरेश जैन, अतुल सिंघल, भगवान गोयल, नरेश, आचार्य रामचंद्र बोहरै,सुनिल कोशिश , गोयल, दीपक मंगला, महेंद्र सिंगल, सहित बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित थे।

# राम मंदिर सदियों के अखंड तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक : सुभाष बराला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने सोमवार को जिला फतेहाबाद के टोहाना में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एफसीआई फूड सप्लाई एसोसिएशन, सैलर मुनीम एसोसिएशन द्वारा एफसीआई गोदाम में हवन यज्ञ और भंडारा में भाग लिया। उन्होंने अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा आयोजित हवन यज्ञ में भी आहुति डाली और लंगर ग्रहण किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने गणेश मंदिर में आरती में भाग लिया और गणेश जी, श्रीराम जी और शनिदेव देव मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर आदर्श स्कूल के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जय के नारों के उद्घोष किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने आज के दिन को देश के लिए बड़ा और ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि करोड़ों हिंदुओं ने मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष और बलिदान किया है, जिसके फलस्वरूप आज मंदिर ने साकार रूप लिया है। राम के नाम की तरह ही अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक है और पूरी मानवता को प्रेरणा तथा मार्गदर्शन देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जो हमारे राम से प्रेरित न हो। श्रीराम भारत की आस्था हैं, भारत के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि राम सबके हैं, सब में हैं और उनकी यही सर्वव्यापकता भारत का विविधता में एकता का चरित्र दिखाती है।

**राम प्रेरणास्त्रोत**

**8 जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जो हमारे राम से प्रेरित न हो। श्रीराम भारत की आस्था हैं**

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का लें संकल्प : कृष्णपाल गुर्जर



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अयोध्या में रामलला** की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित परेड ग्राउंड में भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शामिल होकर इस धार्मिक अनुष्ठान में आहुति डाली। सुबह साढ़े नौ बजे से सुंदरकांड पाठ आरम्भ हुआ, जिसमें रसराज जी महाराज ने प्रवक्ता के रूप में सुंदर पाठ का वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि 500 सालों का इंतजार आज खत्म हो गया और अयोध्या में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो गई।

आज का दिन हर सनातनी के लिए खास है क्योंकि इस पल का वर्षों से इंतजार किया जा रहा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का संकल्प पूर्ण किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश घर-घर दीप जलाकर दीपावली पर्व मनाएगा और रामलला का अभिनंदन करेगा। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज व देशहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में अयोध्या से रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया और जैसे ही राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई, पूरा पंडाल जय राम के उद्घोषों से गूंज उठा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूरा देश राममय हो गया है, आज देश के लोग उत्सव मनाने में लगे है, जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली जा रही है, भंडारे किए जा रहे है और पूरी नगरी राममय हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो सपना देखा था, आज वह साकार हुआ है और अब अयोध्या में हर भारतवासी रामलला के दर्शन कर सकेगा।



प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भावुक हो उठी ऋतंभरा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 23 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## प्राण प्रतिष्ठा : गंगा घाटों पर दीपमाला सजी, एक दीया राम के नाम जलाने की होड़

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में सोमवार को श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शाम को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में गंगाघाटों पर देव दीपावली सरीखा नजारा दिखा। अस्सीघाट से नमोघाट के बीच गंगा महासमितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आरती समितियों के सहयोग से लाखों दीये जलाए गए। रामोत्सव में आमजन के साथ पर्यटकों ने भी भगवान राम के नाम पर दीप जलाया। जिला प्रशासन,नगर निगम और वाराणसी स्मार्ट सिटी की पहल पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मां गंगा के किनारे और घाटों पर दीपदान किया। घाट के किनारे स्थित मकान और व्यावसायिक भवन भी झालरों से जगमग रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर काशी विरासत संरक्षण समिति की पहल पर "काशी वंदन" कार्यक्रम का आयोजन नमो घाट पर किया गया। "काशी वंदन" कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने किया। काशी आने वाले पर्यटको को काशी की संस्कृति से अवगत कराए जाने के लिए इस कार्यक्रम की राज्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि काशी की पहचान बाबा विश्वनाथ व मां गंगा से है। यहां पर तमाम सांस्कृतिक घराना है। विश्वप्रसिद्ध कलाकारों का शहर है, वाराणसी। उन्होंने कहा कि आज काशी के नमो घाट पर काशी वंदन कार्यक्रम का शुरूआत किया गया है।

अब यहां पर प्रतिदिवस चैती, ठुमरी, भोजपुरी संगीत गूंजेगी। मंत्री ने कहा कि त्रिलोक न्यारी, भगवान शिव की प्यारी भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में सुविख्यात काशी, प्राचीन काल से ही धर्म, दर्शन, अध्यात्म, शिक्षा, कला, साहित्य एवं संगीत के क्षेत्रों में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है।

**-दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती रामलला को समर्पित** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की सायंकालीन विश्व विख्यात मां गंगा की आरती श्री रामलला को समर्पित रही। घाट पर फूलों से राम मंदिर का भव्य दरबार सजाया गया। गंगा तट पर भव्य दिव्य अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रतिदिन सात अर्चकों से होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की महाआरती आज शाम 09 अर्चकों ने की। श्री राम दरबार की आरती उतार काशी से शुभकामनाएं दी गई।

**फास्ट न्यूज**

### कोयला के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है भारत

**नई दिल्ली: भारत कोयला क्षेत्र में** आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। देश में कोयला आधारित बिजली का उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर के दौरान पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 10.13 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान कुल बिजली के उत्पादन में 6.71 फीसदी की वृद्धि हुई है।कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि देश का बिजली उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर के दौरान 7.14 फीसदी बढ़कर 872 अरब यूनिट हो गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बिजली उत्पादन 813.9 अरब यूनिट रहा था। मंत्रालय के मुताबिक यह देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कोयले के घरेलू उत्पादन में मजबूत वृद्धि को दिखाता है। मंत्रालय के मुताबिक बिजली की बढ़ती मांग के बावजूद बिजली संयंत्रों द्वारा कोयले का आयात अप्रैल-दिसंबर के दौरान 40.66 फीसदी कम होकर 17.08 मीट्रिक टन (एमटी) रह गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 28.78 मीट्रिक टन रहा था। भारत में बिजली पारंपरिक (थर्मल, परमाणु और पनबिजली) और नवीकरणीय स्त्रोतों (पवन, सौर, बायोमास आदि) से पैदा होती है। दरअसल कोयला बिजली उत्पादन का प्रमुख स्त्रोत है, जो कुल उत्पादित बिजली का 70 फीसदी से अधिक है।

### 'मेरा परिवार मेरी पहचान' थीम पर होगी हरियाणा की झांकी

**नई दिल्ली:** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर 'मेरा परिवार-मेरी पहचान थीम पर हरियाणा की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए तीसरी बार हरियाणा की झांकी का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ कमेटी द्वारा किया गया है।

हरियाणा ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहले ही देशभर में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

## रामलला: अलौकिक रूप, उतनी दिव्य सज्जा

### 16 आभूषणों से रामलला शोभायमान, हीरे-माणिक्य से हुआ मंगल तिलक

**शृंगार**

8 श्यामल वर्ण के रामलला की 51 इंच की प्रतिमा की स्थापना के बाद उनके शृंगार का वर्णन किया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके अलौकिक स्वरूप को देखकर ऐसा एहसास हो रहा है, जैसे ब्रह्मानंद की प्राप्ति हो रही हो। रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने रामलला के प्राकट्य को '...यह सुख परम अनूपा' जैसी चौपाई में वर्णित किया है। श्यामल वर्ण के रामलला की 51 इंच की प्रतिमा की स्थापना के बाद उनके शृंगार का वर्णन किया जा रहा है। पूरे विधि-विधान से भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने 16 आभूषणों का वर्णन किया है। शृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप का दर्शन किया जा सकता है। श्रद्धालु रामलला का 'रत्न जड़ित करुना सुख सागर श्रीराम' के अलौकिक स्वरूप में दर्शन कर निहाल और विह्वल हो रहे हैं।

**रामलला की मूर्ति की क्या विशेषता है?:** भगवान राम के बाल रूप की मूर्ति को गर्भ गृह में स्थापना के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। आभूषण और वस्त्रों से सुसज्जित रामलला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। कानों में कुंडल तो पैरों में कड़े पहने हुए हैं। मूर्ति के नीचे आभामंडल में चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छोटी-छोटी मूर्तियों की पूजा की गई है। श्रीराम जन्मभूमि न्यास ने विस्तार से 16 दिव्य आभूषणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

**राम लला के शीष पर मुकुट या किरीट:**न्यास ने बताया कि रामलला के शीश पर विराजित मुकुट या किरीट उत्तर भारतीय परम्परा में स्वर्ण निर्मित है। इसमें माणिक्य, पन्ना और हीरों से अलंकरण किया गया है। मुकुट के ठीक मध्य में भगवान सूर्य अंकित हैं। मुकुट के दायीं ओर मोतियों की लड़ियां पिरोई गयी हैं।

**कुण्डल:** मुकुट या किरीट की तरह ही भगवान के कर्ण-आभूषण बनाये गये हैं। इनमें मयूर आकृतियां बनी हैं।

**अर्द्धचन्द्राकार रत्नों से जड़ित कंठा सुशोभित**

राम लला के गले में अर्द्धचन्द्राकार रत्नों से जड़ित कण्ठा सुशोभित है। इसमें मंगल का विधान रचते पुष्प अर्पित हैं। बीच में सूर्य देव बनाए गए हैं। सोने से बना हुआ कण्ठा हीरे, माणिक्य और पन्नों से जड़ा है। कण्ठे के नीचे पन्ने की लड़ियां लगाई गयी हैं। यह दिव्य आभूषण भगवान श्रीराम के हृदय में धारण कराया गया है। इस दुर्लभ आभूषण को बड़े माणिक्य और हीरों के अलंकरण से सजाया गया है।

**बालस्वरूप को विजयमाल से भी सजाया गया**

कण्ठ से नीचे तथा नाभिकमल से ऊपर पहनाए गए आभूषण को पदिक कहा जाता है। विद्वानों की राय में देवताओं के शृंगार और अलंकरण में इसका विशेष महत्त्व होता है। रामलला ने जो पदिक पांच लड़ियों वाला हीरे और पन्ने से जड़ित पंचलड़ा या पदिक धारण किया है, इसके नीचे एक बड़ा सा अलंकृत पेण्डेंट भी लगाया गया है। भगवान श्रीराम के बालस्वरूप को वैजयन्ती या विजयमाल से भी सजाया गया है।

### राम आए तो अयोध्यावासियों ने सजाए घर-आंगन



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य। अनगिनत दीपों से जगमगाती रामनगरी को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों, श्रद्धालु हों या भारत के सुदूर कोने-कोने से आए श्रद्धालु, सभी 'दीप/राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अवधपुरी के कण-कण, रज-रज में अपने राम को निहार रहे थे, अपने घर में लल्ला की गूंज से हर ओर राम-राम नाम गुंजायमान रहा, सब में राम, जय जय श्रीराम।

**आस्था**

8 सरयू तीरे जलाए गए आस्था और आत्मीयता के दीप, प्रभु श्रीराम की अवधपुरी दिखी अलौकिक

सोमवार को श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत दीपोत्सव मनाया गया। प्रभु के भक्त संकटमोचक हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने भी भक्ति में लीन अवधपुरी में यह आयोजन अद्वितीय हो गया।

### राष्ट्रपति ने 19 बच्चों को उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 19 बच्चों को असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें नौ बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई, सचिव इंदीवर पांडे भी उपस्थिति रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी पुरस्कृत बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि बालक- बालिकाएं बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उनमें लगन और मेहनत के बल पर पहचान बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि अब समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सही राह दिखाएं। समारोह को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय उत्सव का दिन है। उत्सव का दिन इसलिए भी है, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में जनता जनार्दन पूजी जाती है और भारत के भविष्य को आज सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने का अवसर भारत सरकार प्राप्त हुआ है, वो भी हमारे लिए उत्सव से कम नहीं है। पुरस्कार विजेता सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 19 बच्चों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो रहा है।

**सम्मान**

8 समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने का अवसर भारत सरकार प्राप्त हुआ है, वो भी हमारे लिए उत्सव से कम नही

### पीएम केयर्स फंड से जुड़े आयकर छूट के दस्तावेज मुहैया कराने का सीआईसी का आदेश निरस्त

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें इनकम टैक्स विभाग को पीएम केयर्स फंड को आयकर से छूट देने संबंधी आवेदन में लगे दस्तावेज की प्रति सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत उपलब्ध कराने को कहा गया था। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट पर आरटीआई कानून लागू नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आरटीआई एक्ट की धारा 22 इनकम टैक्स एक्ट की धारा 138(2) पर लागू नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि इनकम टैक्स के आकलन से संबंधित सूचना इनकम टैक्स आयुक्त या विभाग के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर या चीफ कमिश्नर या प्रिंसिपल कमिश्नर के संतुष्ट होने पर ही दी जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय सूचना आयोग को ये अधिकार नहीं है कि वो इनकम टैक्स कानून की धारा 138 के तहत सूचना मांग सके। इनकम टैक्स विभाग ने हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को चुनौती दी थी।






**नव प्रण'** श्रीमद्भागवत में उल्लिखित धर्म के चार स्तंभों पर आधारित आचरण ही श्रीराम व देश के प्रति होगी सच्ची भक्ति

## रामलला के साथ ही आज भारत का स्व लौटकर आया है: भागवत

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

500 वर्ष के पराभव काल के कलंक को मिटाकर अयोध्या के भव्य जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कई मायनों में नए प्रतिमान गढ़ते हुए देश को विश्वगुरू बनाने के नए सोपान की ओर अग्रसर करेगा। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इसी बात को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख व सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने जनमानस को हर्ष की इस घड़ी में 4 नव प्रण दिलाकर यह आशा जताई कि इनका पालन कर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के भीतर ही भारत विश्वगुरू बनकर पूरी दुनिया में अपनी आभा बिखेरने लगेगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का आनंद शब्दों में वणार्तीत है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत उठ खड़ा होगा इसका यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साक्षी बन रहा है। सब में आनंद है, सब में उमंग है। हमने सुना इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने के पूर्व पीएम मोदी ने कठिन व्रत रखा जो कि उनके तपस्वी स्वभाव को दशार्ता है।



**भागवत ने बताया श्रीराम के अयोध्या छोड़ने का कारण:** श्रीराम अयोध्या से बाहर क्यों गए इसके पीछे कलह कारण था। श्रीराम वनवास में गए और पूरी दुनिया का कलह मिटाकर लौटे। आज 500 वर्ष बाद श्रीराम फिर लौटे हैं। रामलला के इस युग में फिर लौट के आने का प्रकरण जो भी आज श्रवण कर रहा है उसका कल्याण निश्चित है। उन्होंने कहा, 'दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज काहु नहीं व्यापा...सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति।' कहा कि रामराज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन है वह अब हमारे व्यवहार से साकार हो सकता है। संयमित व्यवहार की तपश्चर्या हम सबको करनी होगी।

## न्यूज फ्लैश

### अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बांटे लड्डू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आज** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम द्वारा मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सभी शिक्षकों एवम साधकों द्वारा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलित किए गए। इसके बाद श्री राम के भजनों के साथ योग सत्र किया गया एवम सभी के द्वारा भजनों के साथ प्रभु श्री राम की आराधना की गई। सारा मंदिर श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। समारोह के अंत में सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सभी देशवासियों को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी।

### 20 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस सीआईए** टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी आजम पुत्र साजिद वासी भूरा निवासी जिला शामली उत्तर प्रदेश को नजदीक रविदास चौंक मेरठ रोड करनाल से गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इस संबंध में आरोपी आजम के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जल्दी अमीर बनने के लालच में स्मैक जिला मेरठ उत्तर प्रदेश से लेकर आता है और यहां लाकर ऊंची कीमत में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी आजम को न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से स्मैक लाई गई है, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### सीएम मनोहर लाल ने डेरा बाबा जोध सचियार में मत्था टेक कर लंगर ग्रहण किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शोभा यात्रा के समापन के बाद सर्वसांझीवालता का प्रतीक डेरा बाबा जोध सचियार में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी व भगवान श्री राम के सामने मत्था टेक कर प्रदेशवासियों के लिये मंगल कामना की मन्नत मांगी। वहीं डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान व हांसी के विधायक विनोद भयाना व कमेटी के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने डेरे पर मत्था टेकने के बाद गुरु घर का लंगर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कमेटी के सरपरस्त भाई रामनाथ भयाना से मिल कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद सवरूप सरोपा, बाबा जी व भगवान श्री राम की फोटो भेंट की गई। इस अवसर पर महासचिव सुरजीत सिंह भयाना,सहसचिव राकेश भयाना, वेद बठला, जसपाल सिंह भयाना, कमल भयाना, नरेंद्र भयाना, गुलशन भयाना,अशोक भयाना, सुरेश बजाज,यशपाल ग्रोवर, हरभजन भयाना व मित्रसेन ऐलावादी मौजूद रहे।

# 'मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी 2024 को नया सवेरा आया है'

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देख मन हुआ भावविभोर, नए युग का हुआ प्रारंभ, श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर में अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखा लाइव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करनाल के श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर से देखा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखकर मन भाव विभोर हो गया है। इस प्रसन्नता में न केवल पूरे देश, बल्कि विश्व के करोड़ों लोग शामिल हैं। एक नए युग का प्रारंभ हुआ है।

करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम कहते थे कि सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन कांग्रेस के लोग कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। हम श्रीराम के वंश हैं, मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी 2024 को एक नया सवेरा आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर्ष और खुशी का दिन है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता को हार्दिक बधाई दी।

**श्रीराम के प्रति आस्था देख बच्चे को गोद में लेकर झूम उठे मुख्यमंत्री:** कार्यक्रम के दौरान एक नन्हें बच्चे ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। बच्चे की भगवान श्रीराम में आस्था देखकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उसे गोद में उठा लिया और उसे लेकर झूमने लगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत में रामभजन की पंक्तियां भी गुनगुनाई। उन्होंने गाया कि देश का बच्चा–बच्चा राम है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाए।

**गौशालाओं को दिया अनुदान का चैक:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर करनाल जिला की तीन गौशालाओं को अनुदान का चैक दिया। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा बाबा साहिब गिरी गऊ चिकित्सालय को 2 लाख 10 हजार रुपये, श्री कृष्ण कृपा गऊशाला को 6 लाख 72 हजार रुपये और श्री राधाकृष्ण गौशाला को 9 लाख 3 हजार रुपये की अनुदान राशि का चैक दिया।



**हमारी आस्था के लिए बड़े गौरव का दिन : संजय भाटिया**
करनाल के सांसद संजय भाटिया ने भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की देश और प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था के लिए आज बड़ा ही गौरव का दिन है। 500 वर्षों के संघर्षों के बाद, जिस दौरान हमारे बुजुर्गों ने कुबार्नी दी, जो सपना उन्होंने देखा था, आज वह पूरा हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बन गया है। उन्होंने कहा कि लोगों में बहुत उत्साह है, इसका प्रमाण एक दिन पहले पानीपत में आयोजित शोभा यात्रा में देखने को मिला, जब लाखों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और प्रभू श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्सव मनाया। मैं भगवान श्रीराम से प्रार्थना करूंगा कि प्रत्येक जनमानस की मनोकामना पूरी करे।

**लोक कलाकारों ने भजन कीर्तन से श्रद्धालुओं को किया भक्ति रस से सराबोर:** अयोध्य में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर स्थानीय श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के लोक कलाकारों ने भजन कीर्तन से श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम की भक्ति रस से सराबोर किया।

करनाल के पूर्व जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी धर्मबीर सिंह द्वारा रचित लोक गीत श्री राम के वंशज है हम, मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी सन 2024 को नया सवेरा आया है, पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल जय श्री राम, जय श्री राम के नारे से गूंज उठा।

स मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आंनद, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा, भाजपा जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, कोष अध्यक्ष बृज गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता जगदेव पाढा, ईलम सिंह, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष एवं श्री राधा कृष्ण गौशाला के संचालक कृष्ण लाल तनेजा व सचिव हरमीत सिंह हैपी, श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के पदाधिकारी रविन्द्र अग्रवाल व आर.के. शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता भी उपस्थित रहे।

## अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना सेक्टर** 32-33 की टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रजत भूटानी पुत्र राजेश कुमार निवासी आदर्श नगर करनाल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में शिकायतकर्ता आशीष वासी सेक्टर-32 करनाल ने शिकायत दी थी कि आरोपी रजत वासी करनाल ने मुझे और मेरे दोस्त विशु चौधरी को अमेरिका भेजने का आश्वासन देकर हमसे पौने सोलह लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। आरोपी रजत द्वारा पैसे लेकर न हमको अमेरिका भेजा गया और न ही हमें हमारे पैसे वापिस दिए गए। शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी की खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में 18 जनवरी को 24 इमिग्रेशन एक्ट और आईपीसी की धारा 406 और 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में तुरंत कार्यवाही



करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी रजत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसका रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर बरामदगी की जाएगी।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**स्थानीय** शिवाजी स्टेडियम के प्रांगण में बुधवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। एडीसी वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन उपायुक्त राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल में पुलिस विभाग के पुरुष व महिला वर्ग, होमगार्ड तथा एनसीसी महिला का शानदार मार्चपास्ट होगा वहीं विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो व लेजियम तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार तरीके से प्रस्तुति दी जाएगी।

## मंदिरों में लगे श्री राम के जयकारे

### प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। शहरभर** के मंदिर आज श्री राम के जयकारों से गूंज उठे। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर शिवकलोनी और प्रेम कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 10 बजे हवन हुआ और 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या धाम से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा। अंत में सभी ने मिलकर सामूहिक आरती की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। लाइव कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रीराम के जयकारे लगाकर नृत्य भी किया।



शिव कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्रीराम, सीता, लखन, हनुमानजी एवं महर्षि वाल्मीकि जी की झांकी बीएस स्कूल से आई, जिसका मंदिर में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। राम परिवार का अभिषेक करने के बाद सभी ने भगवान की आरती की। आरती करने के पश्चात भंडारा कराया गया। इसके अलावा आज श्री वैष्णो देवी मंदिर, श्री राधे कृष्ण मंदिर, श्री रामभक्त श्री हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर में भी भजन, कीर्तन और सीधा प्रसारण दिखाया गया और बाद मे सभी मंदिरों ने भंडारा लगाया गया।

## साढ़े 8 लाख रुपए और बाइक लेकर सुपरवाइजर हुआ फरार, मामला दर्ज, जांच शुरू

### फैक्टरी मालिक ने उसे अपनी किसी पार्टी के घर से पेमेंट लाने के लिए भेजा था, वह पेमेंट लेने गया, लेकिन पेमेंट लेकर वापस ही नहीं लौटा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**करनाल की** एक फैक्ट्री का सुपरवाइजर साढ़े 8 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। फैक्ट्री मालिक ने उसे अपनी किसी पार्टी के घर से पेमेंट लाने के लिए भेजा था। वह पेमेंट लेने गया, लेकिन पेमेंट लेकर वापस ही नहीं लौटा। इसके बाद मालिक को शक हुआ और उसने कॉल किया तो कर्मचारी का फोन बंद मिला।

वह सुपरवाइजर के घर भी पहुंचा, लेकिन वहां उसे पता चला कि आरोपी तो दो दिन से घर ही नहीं है। फैक्ट्री मालिक ने सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को पूरे मामले की शिकायत दी और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



सैक्टर-7 निवासी अमन अरोड़ा ने बताया कि करनाल के सेक्टर-3 में गणपति लैमिनेटर के नाम से उसकी फैक्टरी है, जिसमें वह पैकिंग मटेरियल बनाने का काम करते हैं। फैक्टरी में करनाल के जुंडला गेट का रहने वाला रोहित शर्मा भी पिछले 5 माह से सुपरवाइजर के पद पर काम करता था, जिसका काम पार्टी से पैसे लेकर उन्हें बैंक में जमा करवाने का था।

अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने रविवार को सेक्टर-7 निवासी करण पुरी से साढ़े 8 लाख रुपए की पेमेंट लेनी थी। पेमेंट तैयार थी, लिहाजा उसने रोहित को करण के पास पेमेंट लेने के लिए भेजा और कहा था कि यह पेमेंट मेरे घर पर दे दे। रोहित फैक्टरी की बाइक पर करण के पास गया। उसने वहां से पेमेंट ली, लेकिन इसके बाद आरोपी न तो घर पहुंचा और न ही फैक्टरी लौटा।अमन ने बताया कि देर शाम तक रोहित का कोई पता नहीं चला तो उसकी उसकी चिंता और भी बढ़ गई, क्योंकि रोहित के पास एक मोटी रकम कैश थी। उसने रोहित को कॉल किया तो उसका फोन स्विच ऑफ आया।

वह जुंडला गेट पर रोहित के घर भी गया, जहां घरवालों ने बताया कि रोहित तो दो दिन से घर भी नहीं आया। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अमन ने अपने कर्मचारी रोहित पर साढ़े 8 लाख की पेमेंट लेकर फरार होने का आरोप लगाया है और शिकायत दी है। आरोपी बाइक लेकर भी गया है।

**धोखाधड़ी**
8 वह सुपरवाइजर के घर भी पहुंचा, लेकिन वहां उसे पता चला कि आरोपी तो दो दिन से घर ही नहीं पहुंचा

### छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रिता : डॉ वीरेंद्र

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डीसी** डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 की अवधि के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र आगामी 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग-ए के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पिछड़ा वर्ग-बी के शहरी छात्र या छात्रा के मैट्रिक में 80 एवं ग्रामीण विद्यार्थी के 75 प्रतिशत अंक होने चाहिए तभी वह योजना का पात्र होगा।

जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि इन विद्यार्थियों को आठ हजार रुपए दसवीं पास होने पर, एससी आवेदक को बारहवीं पास करने पर आठ से दस हजार रुपए तथा स्नातक पास होने के बाद 9 से 12 हजार रुपए आगे की पढ़ाई के लिए दिए जाएंगे। डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपए से कम का प्रमाण-पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, वर्तमान अध्ययनरत कक्षा का आईडी कार्ड या प्रमाण, मार्कशीट, फैमिली आईडी आदि दस्तावेज आवेदन के साथ लगाने होंगे।

## कांग्रेस संदेश यात्रा का पानीपत ग्रामीण में पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत: ओमवीर सिंह

### 'हरियाणा में कांग्रेस सन्देश यात्रा से भाजपा-जजपा की सरकार घबराई'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री बहन कुमारी शैलजा व राष्ट्रीय महासचिव एव राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी के द्वारा हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लक्ष्य को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व जननायक राहुल गांधी के सन्देश को यात्रा के माध्यम से घर घर पहुचाने के लिये 17 जनवरी को हिसार की सब्जी मंडी से कांग्रेस सन्देश यात्रा का शखानन्द किया गया जोकि हरियाणा की सभी लोकसभा व तमाम विधानसभाओं को छूते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी । वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओ का मीटिंग आयोजन महादेव कालोनी में स्थित गुलजार गार्डन में किया । जिसमें काफी संख्या में कर्तकर्ता ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकर्ताओ की बैठक को सम्बोधित करते कहा कि आज समय बदलाव की ओर है हरियाणा में भाजपा-जजपा की सरकार से लोग तंग आ चुके । उन्होंने 24 जनवरी को पानीपत में आने वाली कांग्रेस सन्देश यात्रा का मिनी सचिवालय स्काईलाक के सामने जीटी रोड़ पर 2 बजे यात्रा का 36 बिरादरी के लोगो द्वारा ऐतिहासिक व भव्य स्वागत किया जायेगा।

## गांव बारना में दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक सुभाष** सुधा ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश ने एकदम करवट बदली है। मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर काफी परिवर्तन आए हैं। देश का इंफ्रास्ट्रचर मजबूत हुआ है। भारत विश्व में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। देश की दशा और दिशा बदली है। एक समय ऐसा था जब भारत अनेक मामलों में काफी पीछे था, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था वाला देश बन गया है। दुनिया जो सोच नहीं सकती थी वे अविश्वनीय कार्य मोदी के नेतृत्व मे हुए हैं।विधायक सुभाष सुधा सोमवार को गांव बारना में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बारना से राहुल कुमार, देवा कुमार, मनीष कुमार, साहिल, सचिन कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, रवि कुमार, कर्ण कुमार, सौरव कुमार, दीपक कुमार, संजय कुमार, बिंद्र, प्रवीण कुमार, सुखविंद्र, विवेक कुमार, जितेश कुमार, प्रदीप कुमार ने भाजपा पार्टी को विधायक सुभाष सुधा और भाजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य साहिल सुधा के नेतृत्व में ज्वाईन किया है। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों की चिंता की है। हर गरीब के घर में रसोई गैस सिलेंडर, हर घर नल से जल, आयुष्मान कार्ड दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि कोई भी गरीब परिवार सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।



## विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ताओं की मेहनत लाई रंग

### जिला के 300 से अधिक गांवों में एलईडी लगाकर देखा गया लाइव प्रोग्राम, 509 मंदिरों में भजन कीर्तन व भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** 500 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाल स्वरूप में भगवान श्री राम की प्रतिमा का धार्मिक रीति-रिवाज के साथ उनके जन्म स्थान अयोध्या में 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड में अनावरण हो गया।

इस भव्य समारोह के उपलक्ष्य में देशभर के मंदिरों व अन्य स्थानों पर भी धार्मिक कार्यकर्मो का भी आयोजन हुआ। जिन धार्मिक कार्यक्रमों में भजन बंदगी, कीर्तन भण्डारे व मंदिरों में एलईडी लगाकर समस्त समाज द्वारा लाइव कार्यक्रम देखा गया।



करनाल जिला विश्व हिन्दू परिषद के जिला मन्त्री व कार्यक्रम के संयोजक नीरज गोयल ने बताया कि जिला के 300 से अधिक गावों में एलईडी लगाकर लाइव प्रोग्राम देखा गया और 509 मंदिरो में भजन कीर्तन व भंडारों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में करनाल जिला के 119 नगरों में भी लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ व 183 बस्तियों में भजन कीर्तन व भण्डारों का आयोजन हुआ।

विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बताया कि करनाल जिला के रामभक्तों ने गाँव गाँव, घर घर, नगरों व मंदिरो में ढ़ोल नगाडों, साज बाज व नाच गाकर हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से पर्व की तरह कार्यक्रम मनाया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला संगठन मंत्री कुलदीप कुमार ने भगवान श्री राम के सफल धार्मिक कार्यकर्मो के लिये विश्व हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी पदाधिकारीयों को साधुवाद दिया और कहा कि राम जी के इस पावन पवित्र कार्य को विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व सामाजिक संस्थाओं के

**भव्य**
8 इस भव्य समारोह के उपलक्ष्य में देशभर के मंदिरों व अन्य स्थानों पर भी धार्मिक कार्यकर्मो का भी आयोजन हुआ

## गांव सनौली खुर्द में विशाल भण्डारे का आयोजन

**प्रभु तेरे नाम**
8 ग्रामीणों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया

**पानीपत /कमाल हुसैन**
**गांव सनौली** खुर्द शिव मंदिर में ग्रामीणों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राम कथा व श्री राम के भक्ती गीता गाए गए। इस उपरान्त समस्त ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने श्री राम के भजन गीता पर ढोल बाजे के साथ गांव के चारो ओर श्री राम की झांकी निकाली गई। श्री राम के भजनो पर झुमते बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी श्री राम के नारे लगाते हुए जमकर ड़ास किया। इस दौरान श्री राम पर भक्ती गीत भी गाए। आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव सनौली खुर्द के समाजसेवी पंडित मुकेश त्यागी, सरपंच संजय त्यागी, नरेश कुमार, राममेहर त्यागी ने ग्रामीणों को श्री राम मंदिर को लेकर घरो में दीये जला भव्य तैयारी की गई है।



## संपादकीय

# आमजन के राम

**राम की** कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की रामकहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे "जन रंजन भंज न सोक भयं" हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अंधेरे और निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि "राम का असर करोड़ों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है।" इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, "दिस रामचरित मानस ईज बाइबल ऐंड शेक्सपियर कम्बाइन्ड।" लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है।

गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, "कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है।" (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नये जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया, "मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना।" रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुन्दर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिये। स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केन्द्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू- कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद। लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अकसर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयूतटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानो भूल ही गये। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



रमेश सर्राफ धमोरा

> "पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबंध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है"

**आजादी** की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्धारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया।

पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

## कविता

### सदगुण अपनाएं

सद्गुण है सच्ची संपत्ति ,
दुर्गुण है बड़ी विपत्ति,
असत्यभाषण, दुराचार
ये फैलाते हैं भ्रष्टाचार,
पूरे यूरोप में फैला है
इसीलिए हो रहा
इतना अत्याचार,
कहीं धन की,
कहीं स्त्री की,
कहीं जमीन की
लिप्सा,स्पृहा, कामना,
हो रहा एक तरफा
अत्याचार
लोग बेबस लाचार,
कमजोर लाचार यूक्रेन को
कपटी मित्रों ने दिया दगा,
उसे समझ ना आया
कौन पराया
कौन अपना सगा,
दोस्तों के उकसावे पर
चढ गया,
युद्ध की सूली पर,
लाखों हुए बेघर
महिलाएं बच्चे हुए लाचार,
पूरा विश्व तमाशा देखते
कर रहा सिर्फ विचार,
ऐसे कपटी मित्रों से अच्छा
एक दिलेर बुद्धिमान दुश्मन

संजीव

---------

# श्री राम की वनवास से अयोध्या वापसी

किशन सनमुखदास

**22 ज**नवरी 2024 सोमवार के दिन का इंतजार करते भारत ही नहीं पूरी दुनियां के भक्तों की आंखें तरस गई थी कि कब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सुखकारी रूप से होवे और हम प्रभु के जीवंत स्वरूप का दर्शन करें। बता दें कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने ऐसा बताया है कि जब किसी भी व्यक्ति गुरु प्रभु महात्मा महामानव महापुरुष इत्यादि के स्वरूप में पूर्ण रूपेण पद्धति प्रक्रिया व धार्मिक अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की जाती है तो इसका मतलब यह माना गया है कि, उसमें उस प्राणी में प्राणों का संचार किया गया है, याने दूसरे शब्दों में अनुष्ठान कर उस स्वरूप को जीवित कर दिया जाता है जो अदृश्य रूप में होता है,मानवीय आंखों से दिख नहीं पता परंतु भक्त अगर हृदय की आंखों से देखे तो हाजरा हजूर प्रभु जरूर नजर आएंगे, बस इसी संज्ञान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कर उनमें प्राणों का संचार किया गया है अब भक्तों के देखने का नजरिया है, अगर हृदय की आंखों से हम देखेंगे तो हम हाजरा हजूर प्रभु श्री राम के जीवंत दर्शन होंगे नहीं तो फिर वही कहावत कि,मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आएगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे। जो बातें बचपनकी मैने सुनी वह आज जीवंत रूप में देख रहा हूं।पिछले कई दिनों से जिस तरह जोरदार भावपूर्ण तैयारीयों का नजारा हम मीडिया में देख रहे हैं, घर-घर व गांव, मेट्रो सिटी शहर को सजा हुआ, मैंने देखा तो रामायण में लिखी प्रभु श्री राम की वनवास से वापसी का मंजर मैं जीवंत देखने लगा, ऐसा लगा शायद हम हजारों वर्ष पूर्व की स्थिति त्रेतायुग में आ गए हैं। तब प्रभु श्री राम की 14 वर्षों के वनवास से वापसी हुई थी और संपूर्ण अयोध्या में दीपावली से भी बढ़कर माहौल था। हर व्यक्ति खुश था बस!! वही मंजर 22 जनवरी 2024 को देखा जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो विश्व का हर राम भक्त खुशी से सराबोर होकर झूम उठा, मानो बस!! अब हमें प्रभु श्री राम मिल गए हैं, अब और कुछ नहींचाहिए। प्रभु दर्शन से ही हमारी सारी इच्छाएं पूर्ण हो गई है,यहभारतीयों का भाव पूरी दुनियां ने देख के कहा प्रभु श्री राम की वास्तव में वनवास से वापसी हुई है, जो 500 साल वनवास था जिसे वक्त को फिर दोहरा दिया है, चूंकि प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व सराबोर हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से प्रभु के जीवंत स्वरूप में आने के आभास से भक्तगण सराबोर हुए हैं। साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 को जोरदार ढंग से भावपूर्ण मन से मनाने की करें तो, प्राण प्रतिष्ठा में तैयारी ऐसी थी कि मानो असल दीपावली अबकी बार मनाई जाएगी। गली-चौराहों से लेकर टैक्सी, पेट्रोल पंपों और यहां तक कि घरों में भी राम धुन बज रहा है।

## विचार

# गणतंत्र का अमृत काल, देश और हम !

डॉ घनश्याम बादल

आजादी के अमृत काल के बाद अब हम गणतंत्र के भी अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं । 2024 का गणतंत्र दिवस आजाद भारत का 75 वां गणतंत्र दिवस है यानी अब हम कह सकते हैं की स्वतंत्रता के साथ-साथ अब हम गणतांत्रिक शासन प्रणाली में भी अमृत घट भरने जा रहे हैं ।

**सबका साथ, सबका विश्वास:** इसमें दो राय नहीं कि बीते कुछ वर्षों में भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय जगत में बहुत तेजी के साथ बढ़ी है न केवल बढ़ी है अपितु आज वह हर दृष्टि से विश्व के पहले पांच ताकतवर देशों में शुमार है। अब राजनीतिक लक्ष्य साधने की दृष्टि से विपक्ष भले ही कुछ भी कहे लेकिन इसमें शक नहीं है कि आज भारत की आवाज को विश्व के हर मंच पर महत्व एवं सम्मान मिल रहा है । यद्यपि यदि कोई यह कहता है कि यह सम्मान केवल किसी एक या दो सरकारों अथवा दलों या नेताओं की वजह से हुआ है तो यह भी कहना सही नहीं होगा क्योंकि इस पायदान पर पहुंचने के पीछे देश के आम व्यक्ति से लेकर खास व्यक्तियों तक के लहू पसीने का संघर्ष एवं श्रम तथा समर्पण काम कर रहा है।

**2024 है बहुत खास:** सन 2024 देश के लिए एक बहुत खास वर्ष सिद्ध होने जा रहा है इस वर्ष जहां देश एक बार फिर से लोकसभा चुनाव में होगा वहीं गणतंत्र दिवस भी अपना अमृत वर्ष देख रहा होगा । यदि चुनाव एवं गणतंत्र को आपस में जोड़कर देखा जाए तो दोनों ही एक दूसरे की पूरक एवं पर्याय भी कहे जा सकते हैं। जरा याद कीजिए जिस संक्रांति काल में भारत को स्वतंत्रता मिली थी लगभग उसी समय पाकिस्तान एवं बर्मा तथा दूसरे कई देश भी आजाद हुए थे लेकिन आज इन देशों के मुकाबले भारत की हैसियत एवं उसका महत्व अलग ही नजर आता है तो इसके पीछे शायद खुद को सिद्ध करने का एक जुनून भी था।

**हम सच्चे गणतांत्रिक:** देशवासियों को याद होगा कि जब भारत को आजाद किए जाने की बातें हो रही थी तब ब्रिटेन ने कहा था कि भारतीय एक आजाद मुल्क होने के काबिल नहीं हैं । यदि उन्हें स्वाधीन कर दिया गया तो बहुत जल्द ही वें आपस में सिरफुटौवल करके नष्ट हो जाएंगे और 1946 तथा 1948 के दंगों को देखकर लगा था कि शायद वें लोग गलत नहीं थे । लेकिन इन दंगों के बाद कभी एक मुल्क रहे पाकिस्तान और भारत दोनों ने अलग-अलग राहें पकड़ी एक मजहबी जुनून के साथ इस्लामिक स्टेट बनने के रास्ते पर चला तो दूसरे ने सच्चे मन से, सच्चा लोकतंत्र एवं सच्ची गणतांत्रिक पद्धति को अपनाया । बस यहीं से फर्क आना शुरू हो गया और यदि यह फर्क आया तो इसका श्रेय तात्कालीन सरकार एवं उसके प्रमुख को देने में कोई बुराई नहीं है।

**आगे की सोच, प्रगति का पथ:** राजनीति अपने तरीके से देखी और सोचती है और कदम बढ़ाती है लेकिन समय की मांग और जीवन की सच्चाई यह कहती है कि पीछे पलट कर बार-बार पीछे पलट कर देखने वाले जीवन की रेस में पीछे जाते हैं इसमें व्यक्ति हों या राष्ट्र दोनों पर ही इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए हमने भूतकाल में क्या किया कितना गर्व एवं गौरव हासिल किया या फिर हमसे क्या गलतियां हुई क्या पाप हुए कितनी कमी आ रही उन पर बहुत ज्यादा वक्त बर्बाद करने से बेहतर है आगे सोचा जाए जो आगे की सोच कर चलता है वह निश्चित रूप से आगे जाता है गणतंत्र के अमृतकाल वर्ष में भी देश को इसी नजरिए के साथ आगे बढ़ाना है।

**जरूरी है आत्म मूल्यांकन:** यदि पिछले वर्ष पर एक नजर डाली जाए तो बहुत सारी अच्छी एवं खराब बातें याद आ सकती हैं। अच्छी बातों में चंद्रयान मिशन, आदित्य मिशन, अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पांचवें स्थान पर पहुंचना, कृषि में बंपर उत्पादन के साथ-साथ खेलों में वैश्विक प्रतियोगिताओं में लगातार निखरता हुआ प्रदर्शन हमें स्वर्णिम गणतंत्र का एहसास दिला सकते हैं लेकिन साथ ही साथ जिस प्रकार से अपराध बढ़ रहे हैं खासतौर पर महिलाओं एवं बच्चों के प्रति जो अमानवीय दृष्टिकोण पिछले वर्ष देखने को मिला वह हमारी सारी भौतिक प्रगति पर एक बड़ा प्रश्न वाचक चिन्ह लगाने के लिए काफी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बच्चे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं

विजय गर्ग

**इसमें कोई** शक नहीं कि आधुनिक युग में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के कारण बच्चे दिन-ब-दिन प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में हम बच्चों को प्रकृति के करीब कैसे लायें इसमें कोई शक नहीं कि आधुनिक युग में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के कारण बच्चे दिन-ब-दिन प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में हम बच्चों को प्रकृति के करीब कैसे ला सकते हैं, ताकि वे भी इसका महत्व समझें। पार्क करना या टहलनाले लेना बच्चे को सुबह या शाम कभी भी पार्क में घुमाने ले जाएँ, जहाँ वह तरह-तरह के पेड़-पौधे, आकाश, पक्षी, सूरज आदि देखता है और जिज्ञासावश प्रश्न पूछता है। सूरज को उगते या डूबते हुए देखें, पक्षियों की चहचहाहट सुनें, दूसरे बच्चों को मिट्टी और घास में खेलते हुए देखें। अगर आप पार्क नहीं जा सकते तो उन्हें घर की छत या बालकनी पर ले जाएं और प्रकृति का अनुभव कराएं। ऐसा करने से वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। सोशल मीडिया से दूर रहें जब बच्चे स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताते हैं,उनका दिमाग विस्तार से सोचने की क्षमता खो देता है और वे किसी और चीज में रुचि नहीं दिखाते हैं। वे सोशल मीडिया के आदी हो जाते हैं, जिसके कारण वे प्रकृति से पूरी तरह कट जाते हैं। इसलिए जितना हो सके उन्हें सोशल मीडिया और इंटरनेट से दूर रखने की कोशिश करें। वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करें बच्चों को पौधों की नर्सरी में ले जाएं और उनसे उनकी पसंद के पौधे खरीदने को कहें। इससे उनका इस काम में मन लगेगा और घर या बगीचे में गमले लगाकर रोजाना पानी देने का काम करेंगे। इसे बढ़ते हुए देखनाइससे उन्हें जो प्राकृतिक खुशी मिलेगी वह उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेगी। इसे चिड़ियाघर या पिकनिक पर ले जाएं बच्चे को चिड़ियाघर ले जाने से वह विभिन्न प्रकार के जानवरों और पौधों को करीब से देखता है और जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछता है। जब वे पिकनिक पर जाते हैं, तो उन्हें घर के बाहर एक रोमांचक अनुभव होता है, जहाँ वे खुलकर खाते हैं, पीते हैं और खेलते हैं। दैनिक गतिविधियों से दूर रहकर यह सब करने से बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद मिलती है।

# रेबड़ी ही रेबड़ी

डॉ. सुरेश कुमार

**कुर्सी पर** बने रहने के लिए अश्रु जल ही पाद्य है, लंबी-लंबी फेंकना ही अर्घ्य है, झूठे आश्वासन ही आचमन हैं, टेलिप्रांप्टर भाषण ही मधुपर्क है, नए गुलदस्ते में पुराने फूल ही पुष्प हैं, रंग बदलना ही धूप है, दीपक है, शत्रुओं को चुप कराना ही चंदन है और पूँजीपतियों की जेब भरना ही विल्वपत्र है, लंबी रेस का घोड़ा बने रहने के आँगन में सौंदर्य तृष्णा रूपी खूँटा है, कुसीर्धारी का प्राण पुंज छाग उसमें बंध रहा है। पूँजीपति के सिर का खप्पर और प्रीति स्नेह है, प्रत्येक पाँच वर्ष के ठीक कोई न कोई नौटंकी या ड्रामा इसमें महाष्टमी है, और रेबड़ियाँ यौवन है। चुनाव घोषणा करके होम के समय यौवन रेबड़ियाँ कुर्सीपति के प्राण समिधाओं में मोहाग्नि लगाकर शत्रु तंत्र से मंत्रों से आहुति दे ह्यमानखण्ड के लिए शत्रु स्वाहाह्न, ह्यबात मनवाने के लिए ईडी, आईटी आवाह्न, ह्यप्रभावशाली कंलकियों को अपने गुट में मिलाने के लिए वाशिंग मशीन में धोवाह्न ह्यमन प्रसन्न करने के लिए यह लोक परलोक स्वाहाह्न इत्यादि, होम के अनन्तर हाथ जोड़कर स्तुति करना पड़ता है। हे रेबड़ी देवी ! मोहमाया की कुर्सी रूपी अनंत नभ में तुम गुब्बारा हो, क्योंकि बात-बात में आकाश में चढ़ जाती हो, पर जब धक्का दे देती हो तब चुल्लू भर पानी में डूबकर मरने का मन करता है अथवा पर्वत के शिखरों पर हाड़ चूर्ण हो जाते हैं। जीवन के मार्ग में तुम रेलगाड़ी हो। जिस समय रसना रूपी एन्जिन तेज करती हो, एक घड़ी भर में चौदह भुवन दिखला देती हो। कार्यक्षेत्र में तुम सूचना क्रांति हो, बात पड़ने पर एक निमेष में उसे देशदेशांतर में पहुँचा देती हो। तुम संकटकाल में जहाज हो, बस अधम को पार करा दो।

तुम इंद्र हो. कुसीर्धारी-कुल के दोष देखने के लिए तुम्हारे सहस्त्र नेत्र हैं। स्वामी पर शासन करने को तुम वज्रपाणि हो। रहने का स्थान कालाधनगढ़ है, क्योंकि जहाँ तुम हो वहीं जीत है। तुम वोट हो। तुम्हारा जादू झकास है, उससे हार का अंधकार दूर होता है। तुम्हारा प्रेम अमृत है, जिसके प्रारब्ध में होता है वह उसी को चुनाव जिता देता है और लोक में जो व्यर्थ पराधीन कहलाता हो वही तुम्हारा शत्रु है।

## न्यूज फ्लैश

### मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई में अखंड रामायण पाठ के साथ मनाया गया भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा दिवस

**राई : प्रदेश** के एकमात्र खेल स्कूल राई में कल से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ के समापन के साथ हवन यज्ञ करके मनाया गया भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा दिवस। बता दें कि राई खेल स्कूल में कल से बच्चों द्वारा रामायण पाठ किया जा रहा था जिसका समापन आज बीजेपी की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया मोर द्वारा हवन यज्ञ में सामग्री आहुति डालकर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सोनिया मोर ने बच्चों को राम के चरित्र का अनुसरण करने व राम जैसा बेटा बनने को कहा। राई स्कूल के 700 बच्चों द्वारा एक स्वर में संपूर्ण गीता के श्लोकों का उच्चारण भी किया गया। खेल स्कूल के प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल अशोक मोर ने बताया कि हमारे बच्चे कल से रामायण का पाठ कर रहे हैं। सभी बच्चों को एक जगह एकत्र करके भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव दिखाया गया है। सारे स्कूल में 11000 दीपक जगाकर आज का दिन दिवाली के रूप में मनाया गया है।



### दीपालपुर गांव में होगा संकटमोचन हनुमान व शनिदेव के भव्य मंदिर का निर्माण

**राई: अयोध्या** में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गांव दीपालपुर में संकटमोचन हनुमान जी व शनिदेव महाराज के भव्य मंदिर की निर्माण सोमवार को रख दी है। बहालढ़ रोड पर शिव शक्ति धाम में हवन यज्ञ में समस्त गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर हवन यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल शामिल हुए।



दीपालपुर गांव में संकटमोचन हनुमान व शनिदेव महाराज के मंदिरों के निर्माण की आधारशिला रखते हुए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि गांव में हनुमान व शनिदेव का मंदिर नहीं था, जिसके श्रद्धालुओं के अपनी श्रद्धा के प्रति विभिन्न मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करनी पड़ती थी, श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए समस्त गांव ने निर्णय लिया कि गांव में हनुमान जी व शनिदेव महाराज जी के मंदिरों का निर्माण किया जाए। उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि गांव में हनुमान जी व शनिदेव के मंदिर की नींव रखने का उनको मौका मिला है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि हनुमान जी की आराधना करने शनिदेव प्रसन्न रहते हैं। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डालते हुए गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास गांव के ग्रामीण भी प्रसाद ग्रहण करने में शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर, जगबीर, रामकुवार प्रधान, बलवान, बेगराज, जोगेन्द्र उर्फ बाली, निखिल, सोनू, मनोज, सतीश पहलवान, प्रवीन, अक्षय, सुमित, सोनू, प्रदीप, मनीष, नरेन्द्र फौजी व दीपक आदि मौजूद रहे।

### श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से हुई संपन्न

**राई:** अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ है राई हल्के के गांव जठेड़ी मे बने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से हुई। कार्यक्रम मे राई विधायक मोहनलाल बडौली, सरपंच योगेश, राजेंद्र रोकी व मुख्य पंडित विरेंद्र आदि ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में लगे भंडारे में गांव के अलावा आसपास के गणमान्य लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र रोकी, कोषाध्यक्ष अरुण, राकेश, संदीप छोटू, दीपक को पंचायत द्वारा विशेष रूप से विधायक से सम्मानित करवाया गया। सरपंच योगेश जठेड़ी ने मंदिर निमार्ता राजेश विश्वकर्मा व उनके साथ काम कर रही लेबर को विशेष रूप से सम्मानित किया। विधायक ने गाँव के सफाई कर्मचारी रवि व चौकीदार की सेवा दे रहें मोनू को सम्मानित किया। अरुण, राकेश व संदीप ने बताया कि आज सभी राम भगतों को एक साथ बैठाकर भोजन करवाया गया जो कि सनातन धर्म कि विशेष पहचान है इस मौके पर सत्यवान, सतीश, निट्ठू, फाकड़नाथ, शिव नारायण, महेंद्र, राज प्रधान, समय पंच, मंजीत दहिया, रवि, अजय, जैवीर आदि मौजूद रहे।



# शौर्य एवं उत्सव यात्रा का हुआ भव्य स्वागत, लोगों का उमड़ा सैलाब





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का जोरदार स्वागत करने के लिए शहर की सभी सामाजिक धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 10 किलोमीटर की शोभायात्रा में राम मंदिर प्रारूप पर पुष्प वर्षा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता नहीं टूटा! राजीव जैन ने कहा कि शहर वासियों में चर्चा यही थी कि ऐसी भव्य यात्रा पहली बार शहर में आयोजित हुई है जो लगातार 9 घंटे में संपन्न हुई। पूरे रास्ते पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की भी कमी नहीं थी और लोगों ने नतमस्तक होकर भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था के भाव प्रकट किये। यात्रा में ककरोई रोड, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली तथा मुरथल रोड से गीता भवन तक महिलायें पूरे रास्ते शोभा यात्रा के दर्शन के लिए कतार में खड़ी थी! पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। विशेष कर मुस्लिम व सिख समाज ने यात्रा का भव्य स्वागत कर समरसता के प्रतीक श्री राम का संदेश जन-जन में प्रसारित किया!। जगह-जगह महिलाएं आरती का थाल लिए श्रीराम मंदिर व श्री राम की आरती करती दिखाई दी! संस्थाओं ने तोरण द्वार लगाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। राजीव जैन तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने सोमवार को शहर के विभिन्न मंदिरों तथा संस्थाओं द्वारा आयोजित राम मंदिर उद्घाटन के तीन दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण में भाग लेकर भगवान श्री राम की महा आरती में भाग लिया! कविता जैन ने कहा कि सभी संस्थाएं बधाई की पात्र हैं जिन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम को उत्सव में बदलने का काम किया!

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भिगान गांव में दो दिवसीय उत्सव आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**अयोध्या में** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भिगान गांव में दो दिवसीय उत्सव मनाया गया। रविवार को गांव के प्राचीन अंबिकानाथ महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के साथ रंग बिरंगी परिधानों में सजी 1101 महिलाएं गांव की परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव आदि के जयकारे लगाये गये। यहां पर पूजा अर्चना के बाद रामचरित मानस पाठ शुरू किया गया। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ के बाद मंदिर में अनंत भंडारा भी आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में विनोद वशिष्ठ, पुष्पराज, अनिल कौशिक, सुनील कुमार व धर्मदत्त आदि ने सहयोग दिया।

## पुलिस लाइन में भी गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की खुशी से पुलिस लाइन भी अछूती नहीं रही। पुलिस लाइन में स्थित शिव मंदिर में हवन यज्ञ किया गया तथा महिलाओं ने राम नाम का कीर्तन किया। वहीं जेजेपी नेत्री सुमन नरवाल की अगुवाई में पुलिस लाइन में ढोल-नगाड़े के साथ महिलाओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ पैदल मार्च किया। हाथों में भगवा ध्वज व ढोल की थाप पर झूमते नाचते हुए महिलाओं ने मंदिर पर पहुंच कर यात्रा समापन की। इस मौके पर डिंपल त्यागी, राज देवी, मंजू, सुमन नरवाल व पारूल आदि ने खूब नृत्य किया।

# श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में लोगों ने चखा भंडारा

### एक सफल जीवन जीने के लिए, श्री राम का जीवन का अनुकरण करना श्रेस्कर उपाय है : कमल दीवान

**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**अयोध्या में** नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की धूम पूरे देश में मची हुई है। सोनीपत शहर में दर्जनों स्थानों पर हवन एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर की महावीर कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवराज दीवान के सुपुत्र कमल दीवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।कार्यक्रम के दौरान जयश्री राम के नारो से आसमान गूंज उठा। सभी श्रद्धालु भगवान श्रीराम का जय घोष करते नजर आ रहे थे।

मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कमल दीवान ने कहा कि अयोध्या में आयोजित श्री राम लाल जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज सोनीपत के सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में हवन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि हमें सच्चाई के रास्ते पर एवं भगवान श्री राम के दिखाएं मार्ग पर चलना है।



मंदिर समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने बताया कि भगवान श्री राम की प्रमाण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में भव्य कार्यक्रम हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में उत्साह है और पूरा देश इस पर्व को दिवाली की तरह बनाएगा। उन्होंने समस्त शहरवासिओ को बधाई दी।

इस अवसर पर विकास खत्री, राजकरण शर्मा, संजीव बत्रा, अशोक अरोड़ा, संजय कुकड़ेजा, सतबीर निर्माण, कर्मबीर सरोहा, हनुमान वर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, सुरेंद्र गंभीर, मेहरचंद मानिक, राजेश भारद्वाज, आनंद लाकड़ा, मुकेश भोला, हरगोविंद गंभीर, संदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, बनवारी लाल, केसी बत्रा, सुदर्शन बत्रा, रिंकू खतरेजा, केसी डुडेजा, अशोक शर्मा, धर्मबीर पहलवान, अनिल पहलवान, भोजराज पहलवान, सोनू, करण सिंह लाकड़ा, ओम कुवर खत्री, प.ओमप्रकाश पुजारी, राजेश कालूपुर, जतीन भारद्वाज, वीना भारद्वाज, मेघा दीवान, बनासरी देवी, पूनम शर्मा, सुनीता लाकड़ा, लक्ष्मी शर्मा, सुशीला खत्री, परमेश्वरी देवी, किशनी आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर भजन संध्या आयोजित की

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**नगर** वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक प्रमोद चोपड़ा द्वारा श्री राम के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। मुख्य अतिथि के रूप में विपुल शाह रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि रमेश वधावन, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, राजकुमार पाहवा, चन्द्र सहगल, डा.महेंद्र शर्मा, सुनील थम्मन, समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता, अवनीश ठाकुर, होम्योपैथिक डा. केदार बत्रा मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपुल शाह ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी आस्था के प्रतीक हैं। हमें मयार्दापुरूषोत्तम श्रीराम के बताए पर मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष तौर से सिख समाज एवं मुस्लिम समाज की टीम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान हेमराज वर्मा, उप प्रधान संजीव मुखिया, संरक्षक गुलशन बत्रा, बंसीलाल तनेजा, सोनू तनेजा, कृष्ण झा, राजु तेल वाला, सुरेश छपरा, हंसराज बजाज, राजकुमार ग्रोवर, यस बजाज, जयदीप अरोड़ा, प्रेम कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भजन संध्या के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया।

## राम कथा का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**

**श्री शिरडी** साईधाम कबीरपुर में पिछले 3 दिन से चल रही राम कथा का आज अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के साथ समापन हो गया। श्री शिरडी साईधाम के संचालक अमिताभ राठौर ने कहा कि प्रभु श्री राम 500 वर्षों के पश्चात आज अपने भव्य महल में पहुंचे हैं। उनके महल में पहुंचने की खुशी में सोनीपत मे श्री शिरडी साईधाम धाम में राम कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें सोनीपत निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राम नाम का जप किया। अमिताभ राठौर ने कहा कि आज श्री शिरडी साईधाम मंदिर को लाइटों व फूलों से सजाया गया है। उन्होंने उन्होंने कहा कि आज हर देशवासी दीपावली मना रहा है। श्री शिरडी साईधाम कबीरपुर भी आज मंदिर में घी के दिए जलायेगा और दीपावली मनाएगा। श्री शिरडी साईधाम कबीरपुर में राम कथा में सोनीपत विधायक सुरेंद्र पवार भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा भाजपा जिला महामंत्री योगेश पाल अरोरा भी पहुंचे। राम कथा के पश्चात सई रसोई में अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया। अमिताभ राठौर ने कहा कि साइन रसोई पिछले 34 महीना से सहायक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन करवा रही है। इस अवसर पर श्री साई बाबा शिव दुर्गा जी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अर्चना राठौर, यश राठौड, रवि गांधी, सनुजछाबड़ा, संजीव अग्रवाल, अनिल चढ़ा, विक्की परुथि, दीपक पाठक, दीपक शर्मा शेखर पहलवान अनिल कालड़ा ब्रह्मपाल दुर्गेश शेट्टी संदीप वशिष्ठ राजेश खुराना पुनीत छाबड़ा अमित मजल अंकुश वाधवा अभिषेक अग्रवाल भरत शर्मा पारस शर्मा दीपक शर्मा दीपक अंटील शाहरुख चोपड़ा विक्की श्रुति संचालक मौजूद रहे।

## इंदिरा विहार कॉलोनी में भंडारा आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**इंदिरा** विहार कॉलोनी वार्ड नंबर 2 स्थित वीर क्लीनिक के पास कॉलोनी वासियों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें कॉलोनी वासियों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में पूरी श्रद्धा के साथ सेवा की। भंडारे की शुरूआत भगवान श्री राम के नारे से की गई। इस अवसर पर राजेश रोहिल्ला, बृजेश रोहिल्ला, सरदार महेंद्र सिंह, स.परमिंदर सिंह, मदन लाल मजोका, अजमेर, हैप्पी वर्मा, सिमरन सिंह, अशोक दुमड़ा, प्रशांत, वीरेंद्र रावल व नरेश मल्होत्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रहा उत्साह का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया/**

**श्री राम** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर जगह उत्साह का माहौल इस कदर है कि गाँव बलिकुतुबपुर में इस उपलक्ष्य में विशाल भंडारा व रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया यह रक्तदान शिविर मां भारती रक्त वाहिनी के द्वारा लगाया गया जिसमें डॉक्टर भानु शर्मा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने 44 ग्राम वासियों का रक्तदान करवाया और सभी रक्तदाताओं ने रक्तदान कर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने भाव प्रकट किये। मुख्य तौर पर सँस्था सदस्त सुखदेव कौशिक व सहयोगी राकेश कुमार ने बताया कि पूरे गांव में ही नहीं पूरे विश्व में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर खुशी की लहर है उन्होंने कहा कि आज मैं भी अपना रक्तदान श्री राम जी को समर्पित किया है जो किसी ने किसी का जीवन बचाएगा मां भारती रक्त वाहिनी ने अपना 153 मां रक्तदान शिवा नागरिक अस्पताल सोनीपत के सहयोग से लगाए। सँस्था सचिव प्रेम गौतम ने कहा कि हम सौभाग्य शाली है कि इस अवसर पर भी हमे रक्तदान शिविर लगाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर सरपंच देवेंद्र सहित, प्रेम गौतम, नीरज, राकेश कुमार, प्रमोद नैना राजेश कुमार, नरेश पांचाल, चरण सिंह व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



## राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ सीधा प्रसारण

**सोनीपत:** डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक में सीधा प्रसारण किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह लाइव देखा है।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा ने सभी को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की शुभाकामनाएं प्रेषित की। कुलपति ने सभी को संदेश दिया और कहा 500 वर्षों के इंतजार बाद ये पल आया है।

# 'पौधों की पेड़ बनने तक रक्षा कर हरियाली को बढ़ाया जा सकता है'

### ट्रीमैन देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों, ग्रामीणों व बच्चों ने किलोहड़द स्टेडियम में पौधा रोपकर की अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**अयोध्या में** श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सोनीपत के गांव किलोहड़द की भूमि से एक अनूठे अभियान की शुरूआत की गई है जो जिले में हरियाली लाएगा। अभियान के तहत भगवान श्री राम के नाम से हर गांव में एक पौधा लगाया जाएगा। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में शुरू किए गए एक पेड़ श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत किलोहड़द के स्टेडियम में एक पौधा रोप कर की गई।

गांव किलोहड़द के स्टेडियम से शुरू किए अभियान में पर्यावरण मित्रों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बरगद का पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की। पर्यावरण मित्रों की तरफ से शुरू किए गए अभियान के उद्देश्य को जानकर ग्रामीणों ने खूब सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार का अभियान चलाकर और लगाए गए पौधों की पेड़ बनने तक रक्षा कर जिले में हरियाली को बढ़ाया जा सकता है। इससे पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध प्राणवायु मिल सकेगी। पौधरोपण में बाल पर्यावरण मित्र सनवी, आरव के साथ ग्रामीण सुरेंद्र, जयभगवान, जगदेव, राहुल, विशाल, सचिन, रोहित, सुमित छिक्कारा, मोहित व अन्य मौजूद रहे।



**अभियान**

8 पौधों की पेड़ बनने तक रक्षा कर जिले में हरियाली को बढ़ाया जा सकता है

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राममय हुआ गन्नौर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**अयोध्या में** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गन्नौर शहरराम मय हो गया। राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह चौराहा पर लोगों पटाखे छोड़े और आतिशबाजी की। मंदिरों में जगह-जगह एलईडी के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। शहर के सभी मंदिरों को सजाया गया जिनमें धर्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। जगह-जगह हनुमान चालीसा के पाठ हुए और भंडारे भी लगाए गए। शहर के प्राचीन शिव मंदिर में विधायक निर्मल चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्गार भी सुने। इसके बाद विधायक निर्मल चौधरी व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने राम दरबार के समक्ष आरती भी की और भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त कर लोगों को बधाई भी दी। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर गन्नौर क्षेत्र पूरी तरह से राम के रंग में रंग गया है। लोग महादीपावली की तरह इस उत्सव को मना रहे हैं। विधायक ने कहा कि 500 वर्षों के बाद हमें यह सुअवसर मिला है और हम सौभाग्यशाली हैं जो इस उत्सव को देख पा रहे हैं। यह सही मायने में सच्चाई की जीत है। इस दौरान मंदिर में भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**मार्केट का नाम श्रीराम मार्केट रखा:** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका के साथ लगते बाजार के दुकानदारों ने विधिवत तरीके से बाजार का नाम श्रीराम मार्केट रखा। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी व मार्केट के प्रधान कश्मीरी लाल प्रजापति ने श्रीराम मार्केट के नाम लिखे बोर्ड को स्थानीय दुकानदारों को समर्पित किया। दुकानदारों ने ढोल नगाड़ों के साथ नाचते हुए जय श्री राम के नारे लगा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इसके बाद दुकानदारों द्वारा हनुमान चालिसा का पाठ करवाया गया और लोगों में भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर मार्केट संरक्षक संदीप सिंघल, सचिव राजेंद्र मोर, कोषाध्यक्ष मोहित सैनी, वरिष्ठ उप प्रधान सतीश धीमान, उप प्रधान मोंटी राठी, विजय गोस्वामी, अश्वनी प्रजापति, नवीन शर्मा, सुनील त्यागी, दया सैनी, राकेश शर्मा, विजय राठी, सचिन वाधवा, हरीश मुदगल मौजूद थे।

**शिव मंदिर पार्क में हुआ संकिर्तन:** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के शिव मंदिर पार्क में द्वादशी संकीर्तन मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को बड़ी स्क्रीन लगवान कर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके साथ ही संकिर्तन का भी आयोजन किया गया। संकिर्तन में श्रद्धालु भगवान श्रीराम व श्री श्याम महाराज के भजनों पर खूब झूमे। वहीं शहर में कदम कदम पर लोगों द्वारा भंडारा का प्रसाद भी बांटा गया।

# शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा, उत्साह देखने को मिला

**पानीपत/कमाल हुसैन**

देशराज कॉलोनी भावना चौक स्थित शिव मंदिर में भगवान राम की अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मंदिर कमेटी की ओर से हवन यज्ञ भंडारा झाकियां का आयोजन किया। जिसमें भगवान राम की झाकियां भी प्रस्तुत की गई इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के भावी लोकसभा प्रत्याशी चाणक्य पंडित मुख्य अतिथि महिपाल सूबेदार ने शिरकत की चाणक्य पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि आज भगवान राम का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई हैं। आज सारा देश राम की प्राण प्रतिष्ठा माना रहा है महिपाल सूबेदार ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दीपावली की तरह मना रहे हैं हर देशवासी को आज गर्व है। महिपाल सूबेदार ने भी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को सनातन धर्म के लिए गौरव की बात बताया। इस मौके पर शिव मंदिर प्रधान सूबेदार प्रताप सिंह, पुजारी प्रेम पंडित, बलवान शर्मा, चंद्र श्याम शर्मा, शमशेर वाल्मीकि, बिसंबर गुर्जर, सूबेदार जीत प्रजापत, सुधीर शर्मा, रामकुमार कोरी, रविंद्र शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, रविंदर कश्यप, होशियार सिंह, मास्टर ईश्वर, बलजीत वाल्मीकि, बलजीत सैनी, प्रकाश दुबे, सुल्तान मलिक, अनिल गर्ग, सतपाल राणा सैकड़ो कॉलोनी वासी मौजूद रहे।



# संकल्प यात्रा में विज का लाभार्थियों ने जताया आभार

**गृह मंत्री अनिल विज ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सेवा समिति चौक पर आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री ने लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत सेवा समिति चौक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई लोगों व बुजुर्गों के राशन कार्ड मौके पर ही बने जिससे वह गदगद हो गए। कार्ड बनने पर लाभार्थी सीधा कार्यक्रम के मंच पर पहुंचे और उन्होंने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताया। विज ने इस दौरान कहा कि यह मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है, जो लाभार्थी सरकारी योजनाओं से किसी कारणवंश वंचित रह गए हैं उनके मौके पर ही आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड बनाए जा रहे है वहीं पेंशन, लोन एवं अन्य लाभ भी मौके पर ही प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में दो बुजुर्गों के पीले राशन कार्ड कई वर्षों बाद बन सके



जिससे उनमें खुशी की लहर थी। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान 30 लोगों को आयुष्मान कार्ड भी गृह मंत्री अनिल विज ने वितरित किए। गृह मंत्री अनिल विज ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में आने के बाद केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिनका लाभ लोगों को सुगमता से मिल रहा है। लोगों के उत्थान के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा आयुष्मान भारत योजना के तहत देश में 30 करोड़ लोगों को तथा हरियाणा प्रदेश में आयुष्मान भारत/चिरायु योजना के माध्यम से 30 लाख लोगों को स्वास्थ्य की गारंटी मिली हैं।

**सुविधा**

**8 नागरिक अस्पताल यहां पर बनवाया गया है। इस अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं**

**रामलला मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं : गृह मंत्री अनिल विज**
गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि 500 साल के बाद हमारे पूर्वजों का सपना साकार हो रहा है और अयोध्या में हमारे भगवान श्रीराम (रामलला) 22 तारीख को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हर भारतवासी में खुशी की लहर है और सभी उत्साह से इस कार्यक्रम को मनाने को लेकर कार्य कर रहें हैं। आज शहर में जगह-जगह पर राम यात्राएं निकाली जा रही हैं।

**छावनी में डेढ़ सौ से अधिक धर्मशालाएं बनवाई जिसका जनता को मिल रहा लाभ : विज**
गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि छावनी में विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया हैं, 150 से अधिक धर्मशालाएं बनाई गई हैं, जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोग अपने सामाजिक कार्य इन धर्मशालाओं में शान से कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में विकास का पहिया निरंतरता से जारी है। उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन नागरिक अस्पताल यहां पर बनवाया गया है। इस अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं।

# साथी ऐप बिना विभाग, संस्था सहमति नही लागू होगी: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) होलसेल केमिस्टस** एसोसिएशन अम्बाला के बैनर तले महेशा नगर स्थित एक नामी रेस्तोरां में एफ डी ए द्वारा एक एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से दवा व्यवसायियों का ज्ञानवर्धन किया गया । इस बैठक के मुख्यातिथि राज्य के कैबिनेट रैंक के स्वास्थ्य एवं ग्रह मंत्री अनिल विज विशेष रूप से उपस्थित थे । बैठक में एफ डी ए डिप्टी स्टेट ड्रग कंट्रोलर ललित गोयल ने उपस्थित होलसेल दवा विक्रेताओं को दवा व्यापार शुरू करने की बेसिक से ले कर दवाओं के भंडारण रख रखाव के पहलुओं पर स्लाइड के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी से अवगत करवाया तथा पहलुओं पर सम्बंधित विषय पर सवाल जवाब के माध्यम से शंकाओं का निवारण भी किया, इस मौके पर कई होलसेलरों ने कहा कि जिस प्रकार से आज ज्ञानवर्धन सेशन चला कि दवा राखरखाव पर बातें सामने आई कईयों के बारे उन्हें ज्यादा जानकारी नही थी। राज्य औषधि नियंत्रक मनमोहन तनेजा ने अपने सूक्ष्म एवं



गागर में सागर करते सम्बोधन में कहा कि दवा व्यापार में पारदर्शिता से काम करें नियमों की पालना करें समय समय पर राज्य व केंद्रीय सरकार से आने वाले नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ कर व्यापारिक जटिलताओं को शून्य करें । राज्य के स्वास्थ्य एवं ग्रह मंत्री अनिल विज ने स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद से आज तक के सफर में उपलब्धियों के माध्यम से तुलना करते हुए बताया जी आधुनिक सुविधाओं से लैस सिविल अस्पताल में जहां पट्टी भी नही हो पाती थी आज प्लास्टिक सर्जरी व हृदय रोगियों के 14000 से अधिक मरीजों को स्टंट के माध्यम से जीवन दान मिला , सी एच सी , पी एच सी में आधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं । कभी अम्बाला मेडिकल हब हुआ करता था आज दवा व्यवसाई आज के परिवेश में काम करते हुए व्यापार की बुलंदियां छू रहे हैं एक साथी ऐप पर कुछ लोग उन्हें मिले भी थे, विज ने अपने सम्बोधन में स्पष्ट किया कि उनके पास पुलिस व स्वास्थ्य विभाग हैं जिसमे नारकोटिक विंग भी है ये साथी ऐप नारकोटिक विंग ने तैयार की है जिसे अभी लागू नही किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### राहुल गांधी को असम में शंकर देव मंदिर में दर्शन के लिए रोकना निंदनीय घटना : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जहां अयोध्या सहित देश के विभिन्न हिस्सों में गांव व शहर और मंदिरों में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव मनाया जा रहा है, आज वही असम के शंकर देव मंदिर में राहुल गांधी को दर्शनों के लिए रोका गया यह गंदी सोच असम के मुख्यमंत्री विश्वआ शर्मा की है, यह भाजपा की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है।कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जाति और धर्म की राजनीति करती है। वह हिंदू को मुसलमान से ब्राह्मण को जाट से, हर प्रदेश में अलग-अलग जातियों को झगड़ा करवा कर अपनी सरकार बनना चाहती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा सरकार डरी हुई है क्योंकि राहुल गांधी को इस यात्रा से बहुत बड़ा जन समर्थन मिल रहा है। पूरे असाम में तो हालत यह है कि राहुल गांधी की यात्रा में भीड़ को रोकने के लिए असम के मुख्यमंत्री तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं क्योंकि राहुल गांधी 5 दिन तक असम में रहेंगे। इस यात्रा से देश में राजनीतिक माहौल बदल रहा है, चारों तरफ राहुल गांधी की यात्रा की चर्चा चल रही है और भाजपा सिर्फ मुद्दों से हटकर राम मंदिर की बात कर रही है। भगवान राम अकेले भाजपा के नहीं है वह सारे विश्व के हैं लेकिन भाजपा ने राम को भी बांट दिया जो 2024 में भाजपा पर भारी पड़ेगा। एक बार फिर देश के अंदर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

### राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान चांदनी मैडम न्यू तारानगर माता वैष्णो मंदिर में पहुंची



**सोनीपतः जहां** पर उन्होंने दीप जलाकर पूजा अर्चना की मंदिर में भक्तों की भीड़ का जनसैलाब देखने को मिला जिन्होंने मंदिर के अंदर हो रहे श्री राम के भजनों पर जमकर नाच गाना किया। दोपहर 12 बजे हरियाणा मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन भी तारानगर पहुंचे और उन्होंने श्री राम की मूर्ति के सामने माता टेका चांदनी ने राजीव जैन को फूल माला पहनाकर व शॉल भेट कर स्वागत किया । चांदनी के साथ-साथ राजीव जैन भी श्री राम के भजनों पर झूमते दिखाई दिए चांदनी ने बताया हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि आज देश में महा दीपावली का त्यौहार होने जा रहा है हमारी खुशियों का ठिकाना नहीं राम राज्य का आरंभ हो चुका है । राम जी अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं इसी उपलक्ष्य में मंदिर में भजन कराए गए वह विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसके बाद चांदनी मैडम ने अपने हाथों से भंडारे का प्रसाद वहां पर आए रामभक्त में वितरण किया। दोपहर भंडारा 12 बजे से शुरू होकर प्रभु की इच्छा तक चला और सभी ने एक ही शुरू में जय श्री राम के नारे लगाए जय श्री राम के नारों से समस्त तारानगर झूम उठा, चांदनी ने वहां पर आए सभी राम भक्तों का तहे दिल से आभार प्रकट किया।

### गौरवांवित हूं कि रामलला को अयोध्या में मंदिर में विराजमान होते देखाः प्रमोद कुमार विज

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अयोध्या में** भव्य श्रीराम मंदिर के शुभारंभ का लाईव कार्यक्रम पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने मॉडल टाउन स्थित टाउन शिप क्लब में स्थानीय निवासियों के साथ देखा एवं कार्यक्रम देखने आए हुए लोगों को रामलला के गर्भगृह में विराजमान होने की शुभकामनाएं दीं ककार्यक्रम उपरांत विधायक ने पानीपत के मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की एवं कार्यक्रम देखने आए लोगों को शुभकामनाएं दीं कविधायक ने रामलाल चौक पर लड्डू बाटे एवं लंगर सेवा की कविधायक ने बातचीत में कहा कि 500 सालों के कठिन संघर्षों के बाद यह शुभ दिन हम सबके लिए अत्यंत पावन है, गौरवांवित हू कि यह शुभ दिन देखने का अवसर मिला मंदिरों में वितरित की राम नाम लेखन पुस्तिकाः- विधायक विज ने शहर के सनातन धर्म मंदिर एवं भीम गोड़ा मंदिर में दर्शन के उपरांत उपस्थित श्रध्दालुओं को राम लेखन पुस्तिका का वितरण किया एवं राम मंदिर के शुभारंभ की शुभकामनाएं दीं

# सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ रोड़वेज कर्मचारी कल करेंगे चक्का जाम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा रोडवेज** कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर होने वाली 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए बैठक की गई।राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस,इंद्र सिंह बधाना,रमन सैनी, रमेश श्योकंद ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधि मण्डल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी,10 मार्च,23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुक्की हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का अस्वाशन देती रही हैं।परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वायदाखिलाफी के खिलाफ बहुत रोष



हैं। सरकार मानी गई मांगो को लागू न करके रोडवेज कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। मुख्य मांगो में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए,265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,ग्रुप ऊ के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए,बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए। सरकार को स्पस्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे।

# रोटी बैंक द्वारा भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)रोटी** बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा आज विशेष रूप से राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष रूप से छोले पूरी, खीर और चावल आदि का भंडारा लगाया। यह भोजन मथाना स्थित विभिन्न ईंट भट्ठे के साथ साथ नागरिक अस्पताल और अन्य सुनिश्चित स्थानों पर परोसा गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद, रमेश और सीता भोजन लेकर भट्ठों पर पहुंचे और छोटे छोटे बच्चों के साथ साथ अन्य लोगों को भी प्रसाद रूप में भोजन वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य का दिन है। यह दिन सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दिन भोजन वितरण और भंडारे से बढ़कर कोई अन्य सेवा नहीं हो सकती थी। उन्होंने बताया कि रोटी बैंक पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में चलायमान है जिसमे पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र भौरायण का विशेष सहयोग प्राप्त है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक बहुत सहयोग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अनेक लोग रोटी बैंक से जुड़े हुए हैं। रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष कर्म चंद ने कहा कि आज चारों और राम नाम गूँज रहा है। इस अवसर पर रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के सहकर्मी उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म मंदिर में पधारे ब्रह्मचारी स्वामी श्री प्रीतम आनंद जी महाराज

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**श्री** सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चौथे दिन ब्रह्म ऋषि स्वामी प्रतिमानंद जी महाराज पधारे जिनकी मधुर सत्संग वाणी से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री ने धर्म और अध्यात्म से जुड़े बहुत ही सुंदर-सुंदर विचार श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत किए । इस अवसर पर मुख्य यजमान सौरभ गोयल मुकेश टुटेजा ,भीम सचदेवा एवं दुष्यंत भट्ट रहे। नगर विधायक प्रमोद एवं सांसद संजय भाटिया ने भी इस उत्सव की शोभा बढ़ाई। प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 1:00 तक हवन एवं देवता पूजन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के श्री राम स्थापना उत्सव लाइव दिखाया गया एवं मंदिर में सुबह से ही भजन कीर्तन किया गया। 5:30 बजे आरती का आयोजन किया गया जिसे देखने दूर दूर से लोग आ रहे हैं आरती बहुत ही भव्य एवं विशाल होती है। कृष्ण जन्मोत्सव एवं श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन भी किया गया जिसमे भक्तों ने खूब आनंद लिया । मंदिर के प्रधान तरुण गांधी एवं प्रीतमआनंद जी महाराज ने सांसद संजय भाटिया एवं विधायक प्रमोद जी को सेवक रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम राम हम सभी के हैं आदर्श : सुधीर जैन

**सोनीपत, 22 जनवरी ।**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया । भगवान राम की भक्ति में भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर स्कूल की अध्यापिकाएं झूमती नजर आई । स्कूल का पूरा माहौल राममय नजर आया । करीब 500 सालों के संघर्ष के बाद अयोध्या में बने राम मंदिर में भगवान राम के विराजमान होने की खुशी सभी के चेहरे पर स्पष्ट तौर पर झलकती नजर आई। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम हम सभी के



आदर्श हैं । हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों में भी भगवान श्रीराम के आदर्श आएं ।

सुधीर जैन ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला विराजमान हो गए हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य अनुष्ठान किया। हम सभी भाग्यशाली हैं कि हमें यह सुखद दृश्य देखने व महसूस करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भगवान राम प्रत्येक भारतीय और विश्व में व्याप्त सनातनियों के आदर्श हैं। वे सत्यनिष्ठा के प्रतीक, सदाचरण और आदर्श पुरुष के साकार रूप मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। कर्तव्य पथ पर प्रतिबद्ध श्रीराम सबका विश्वास अर्जित करने के लिए अपने सुखों का भी त्याग कर देते थे। वे जितने वीर थे, मेधावी थे उतने ही सहनशील भी। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थिति कभी उन्हें विचलित नहीं कर सकती थीं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक क्षण हम सभी के लिये प्रेरणा का अवसर है। भगवान राम के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि त्याग और तपस्या का मार्ग अपनाकर कठिन परिस्थितियों से जूझकर लोगों को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाएं। वर्तमान परिवेश में भगवान राम का नाम ही एक ऐसा नाम है जो वसुधैव कुटुंबकम के नाम से जाना जाता है।

# उत्साह, लगन एवं भक्तिभाव से की जा रही सेवाओं से जनसाधारण प्रभावित

**समालखा/ (कुलदीप सिंह)**
**महाराष्ट्र** के 57वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के शुभारम्भ होने में अब कुछ ही दिन शेष है जिसके अंतर्गत समागम की तैयारियों में जुटे निरंकारी श्रद्धालु भक्त, समागम स्थल को समतल एवं सुंदर बनाने हेतु हर एक व्यवस्था को अंतिम रूप दे रहे हैं। नागपुर के मिहान, सुमठाणा स्थित विशाल मैदानों में यह तीन दिवसीय संत समागम शुक्रवार 26 जनवरी से आरंभ होने जा रहा है, जिसका समापन 28 जनवरी को होगा। इस दिव्य संत समागम पर निरंकारी भक्त सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में भक्ति का आनंद प्राप्त करेंगे।



गत एक माह से महाराष्ट्र के अतिरिक्त अन्य राज्यों से निरंकारी भक्तजनों ने सम्मिलित होकर अपनी निष्काम सेवाओं द्वारा समागम स्थल को शामियानों की एक सुंदर नगरी के रूप में परिवर्तित कर दिया है। सभी श्रद्धालु जिस उत्साह, लगन, भक्तिभाव, मयार्दा एवं अनुशासन से अपनी सेवायें निभा रहे हैं उसे देखकर जनसाधारण अत्यंत प्रभावित हैं। समागम स्थल का यह अनुपम दृश्य आसपास से गुजरने वाले राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों के आकर्षण एवं उत्सुकता का केन्द्र बना हुआ है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी मुम्बई से आये हुए कलाकारों द्वारा निर्मित संत समागम का मुख्य प्रवेश द्वार कलात्मकता के साथ अपनी भव्यता और दिव्यता के अनुपम स्वरूप को प्रदर्शित कर रहा है। इसके अतिरिक्त समागम स्थल के अन्य स्थानों का सृजन एवं अलंकरण कला में निपुण भक्तों द्वारा बड़ी ही कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। समागम के प्रति जन जागृति मानवता के कल्याणार्थ आयोजित किये गये इस दिव्य सन्त समागम का साक्षी बनने हेतु सभी श्रद्धालु एवं निरंकारी भक्तगणों को नुक्कड नाटक, बाईक रैली एवं बैनर के माध्यम द्वारा जानकारी देकर सादर आमंत्रित किया जा रहा है ताकि वह इस संत समागम में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सार्थक बनायें। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समागम में सम्मिलित होने वाले सभी भक्तों के लिए व्यापक स्तर पर रिहायशी टैंट, लंगर एवं कैन्टीनों का समुचित प्रबंध किया जा रहा है।

# श्री राम के चरित्र को अपने मन और जीवन में धारण करना चाहिए : दीपक बहल

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) श्री राम** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कुरुक्षेत्र सेनेटरी एवं टाइल्स एसोसियेशन के प्रधान दीपक बहल ने कहा कि श्री राम मयार्दा पुरूषोत्तम हैं और हर व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। बहल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभ कामनाएं देते हुए सभी को श्री राम को आदर्श मानते हुए जीवन जीने के लिए कहा। उन्होंने धर्म के मार्ग को ही जीवन में सफलता के लिए उपयुक्त बताया। उन्होंने श्री राम के चरित्र को अपने मन और जीवन में धारण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसोसियेशन द्वारा लडडू बांट कर खुशी का इजहार किया गया। एसोसियेशन के उपप्रधान पंकज

**आह्वान**

**8 श्री राम के चरित्र को अपने मन और जीवन में धारण करने का आह्वान किया**

चौधरी, सचिव मिलाप गुप्ता, कैशियर राजेश गोयल, सुमित गोयल, निखिल मदान, धर्मवीर चौधरी, जितेन्द्र मलिक, सतीश सैनी, दीपक सरीन, सचिन गर्ग, सुनील अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु आदि ने कहा कि सभी अपने घरों पर इस अवसर को दीवाली की तरह मनाएंगे।

# गांव जलालुद्दीन माजरा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**अयोध्या** में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकरआज गांव जलालुद्दीन माजरा में ग्रामीणों ने गांव की सरपंच गीता देवी के नेतृत्व में एक शोभा यात्रा निकाली जिसमें 201 महिलाओं ने कलश उठाकर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा सुबह 10:15 बजे गांव के शिवजी मंदिर से शुरू हुई जिसने पूरे गांव और सभी धार्मिक स्थानों की परिक्रमा करते हुए शोभायात्रा गांव जलालुद्दीन माजरा से होते हुए साथ लगते गांव रुड़की पहुंची, जहां पर लोगों ने शोभा यात्रा का खूब स्वागत किया।



महिलाओं के भगवान राम के भजनों व राम के जय घोष के कारण पूरा गांव राममय हो गया था और सर्दी अधिक होने के कारण शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए ग्रामीणों ने जगह-जगह चाय पानी की व्यवस्था की हुई थी। इस अवसर पर मास्टर जसबीर सिंह सैनी, दलेल सिंह, अनिल सैनी, रघुबीर सिंह, गुरमीत, बॉबी, मदन लाल,बीर सिंह,ऋषि, रामपाल गुरनामसैनी,सुरेश सैनी पूर्व चेयरमैन,मामचंद, शंटी, पवन सैनी, सुभाष गुर्जर, सुरेश गुर्जर आदि सैंकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया।

# अयोध्या में श्री राम लला जी की मूर्ति की स्थापना होना देश के लिए



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
**लाडवा-बाबैन मार्ग** पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर पर सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्रतिमा की स्थापना को लेकर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।मंदिर के प्रधान रामकुमार सैनी ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर मंदिर परिसर में एक हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

# श्री राम शोभायात्रा में छात्र शामिल हुए

**समालखा/(कुलदीप सिंह )**
**श्री राम** शोभायात्रा में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की के अध्यक्ष रमेश सपरिवार और उपाध्यक्ष जगदीश अरोड़ा परिवार सहित विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सपना गुप्ता, अध्यापकगण और तमाम विद्यार्थी पूर्ण उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। विद्यालय ने पूर्ण भागीदारी दिखाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में कार्य किया। श्री राम शोभायात्रा में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को मुख्य मंच दिया गया जिस पर विद्यार्थियों और अध्यापिकाओं ने अपनी सुंदर भजन प्रस्तुति से समारोह में चार चांद लगा दिए। इतना ही नहीं विद्यालय के मंच पर श्री राम परिवार अपने स्वयं दर्शन देकर सभी को कृतार्थ किया। यहां पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की तरफ से लोगों के लिए विश्राम व्यवस्था और भोज्य सामग्री का उचित प्रबंध किया गया, ताकि कोई भी जन थकावट महसूस करने पर विश्राम करें और कुछ खा



पीकर फिर से समारोह का हिस्सा बन सके। शोभा यात्रा में सम्मिलित होने वाले लोगों ने थकने पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के मंच पर विश्राम किया और फिर से नई उमंगों के साथ शोभायात्रा के साक्षी बने। सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के मंच पर आकर अपनी सुंदर प्रस्तुति दी और धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग केवल डी डब्ल्यू पी एस संगठन ही कर सकता है। प्रथम दिवस विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सपना गुप्ता ने साध्वी ब्रह्मज्योति सरस्वती महाराज का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रमेश रेवाड़ी और उपाध्यक्ष जगदीश अरोड़ा वह विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सपना गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राम किसी व्यक्ति विशेष के नहीं अपितु हम सबके हैं।

# मजलिस पार्क अग्रवाल सभा ने किया सुन्दरकांड पाठ का आयोजन









**भव्य आयोजन**

## 8 मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुन्दर कांड पाठ का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के मजलिस** पार्क इलाके में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, दिल्ली नगर निगम नेता सदन मुकेश गोयल, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, अनुराग गर्ग पूर्व प्रत्याशी, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष दीक्षित, नीरज कपूर, आईएस बंसल, राम मंदिर के प्रधान नरेश टंडन, सुनील खन्ना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों का सभा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। तो वहीं आये हुए गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के संस्थापक शिव नारायण बंसल ने बताया कि आज रामलला की अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दर कांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी को प्रभु श्रीराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए और हमेशा ही सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी सत्य की राह पर चले और क्योंकि सत्य की हमेशा ही जीत होती है। इस अवसर पर सभा के संस्थापक शिव नारायण बंसल, चेयरमैन लक्ष्मीनारायण गोयल, प्रधान जगदीश गर्ग, सचिव घनश्याम दास गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल, वाईस चेयरमैन लखपत बंसल, उपप्रधान विजय जिन्दल, राम करण बंसल, सुरेश बंसल, सुरेन्द्र चौधरी मौजूद रहे।







# नरेला विधानसभा क्षेत्र में आयोजित श्याम कथा में भक्ति गीतों पर खूब झूमे श्रद्धालु









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में पुरानी अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से तीन दिवसीय संगीतमय शीश के दानी की अमर कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा के दूसरे दिन सोमवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास ब्रज रसिक प्रेमानंद शुक्ला ने व्यास पीठ से भीम बर्बरीक संवाद घटोत्कच मोरबी विवाह, वीर बर्बरीक जन्मोत्सव, द्रोपदी प्रसंग आदि का सुंदर प्रसंग विस्तार से सुनाया।

संगीतमय कथा का वर्णन सुनकर भक्त भाव विभोर होकर झूमने लगे। कथा से पहले श्री श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार कर पूजन आरती की गई। व्यास पीठ से कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि घटोत्कच व माता मोरवी को तीन पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। सबसे बड़े पुत्र के बाल बब्बर शेर की तरह होने के कारण उसका नाम बर्बरीक रखा गया। यह वही वीर बर्बरीक है। जिन्हें आज लोग खाटू के श्याम, कलयुग के देव, श्याम सरकार, तीन बाणधारी, शीश के दानी, खाटू नरेश व अन्य अनगणित नामो से जानते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग समर्थ हैं उनको जरूर किसी का हारे का सहारा बनना चाहिए। यही श्याम भक्त की सबसे बड़ी पहचान है। ठीक वैसे ही बाबा श्याम हारे का साथ देते हैं। प्रभु चरण में प्रीति के साथ हमें श्याम कथा यही संदेश देती है की नर सेवा से नारायण सेवा प्राप्त होती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का श्याम मस्ताना मंडल के पदाधिकारियो ने विशेष रूप से सजाए गए तोरण द्वार पर स्वागत किया। वहीं श्याम मस्ताना मंडल की संस्थापिका शालिका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि आरके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा,अति विशिष्ट अतिथि फेडरेशन का नरेला के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, नवशक्ति समिति से सुनील खत्री, समाजसेवी राजू अरोड़ा , नरेश सैनी , राकेश बंसल का पटका पहनाकर, श्याम प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

कथा समापन पर आरती की गई और श्रद्धालुओं में छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया श्याम कथा में श्री श्याम मस्ताना मंडल की और से संस्थापिका शालिका अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक रणवीर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक रामा खत्री, संरक्षक विपिन अग्रवाल, संरक्षक प्रतीक बंसल, मार्गदर्शक अजय कुमार, विवेक अग्रवाल, प्रचार मंत्री पारस जैन, अंकित सक्सेना, पूर्ण भगत, वीरेंद्र गर्ग, महावीर, अमित, पंकज, अमित शर्मा, जितेंद्र शेट्टी, बंटी गर्ग, राहुल मंगला, अमित बंसल, सुनील पहलवान, विकास बंसल, श्रवण कुमार, भविष्य गर्ग एकलव्य शर्मा, तक्षु गोयल, चिराग गर्ग, प्रतीक गर्ग, मधु, रानी, मीनू, रेनू, नेहा, नंदनी, ज्योति, मंजू, रीतू गुप्ता, रामा नहरा, एनम अग्रवाल, रक्षा गर्ग, अन्वी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन: समिति ने प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की धूम पूरे देश में देखने को मिल रही है। सालों का इंतजार आज खत्म हुआ है और पूरा देश राम भक्ति में डूबा हुआ दिखाई दे रहा है।

जहां एक ओर तो अयोध्या जी प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए सज ही गई है, वहीं देश के अन्य स्थानों पर भी प्रभु राम के आगमन की धूम देखने को मिल रही है।

इसी कड़ी में आज मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क के वार्ड नंबर-67 स्थित लाल बाग श्री शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ रखा गया, तत्पश्चात हवन व विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान मंदिर समीति के रामभक्त सुनील मनराल, मंगल, मनोज, राजू, पींटू सहित क्षेत्र के अधिकांश लोगों इस विशाल रैली में शामिल रहें। इस मौके पर मनराल ने कहा कि इस ऐतिहासिक पल का हर कोई साक्षी बनना चाहता है और इसे लेकर कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। 500 सालों के लंबे इंतजार के बाद रामलला को अपना घर मिला है। 22 जनवरी यानी आज होने वाली भाव प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के द्वार भक्तों के लिए खुल जाएंगे। 23 जनवरी से आमजन प्रभु के दर्शन कर सकेंगे।





## श्री खाटू श्याम मासिक भंडारा सेवा समिति ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री खाटू श्याम** मासिक भंडारा सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा अयोध्या में अपने आराध्य देव श्री राम भगवान की प्राणप्रतिष्ठा होने के अवसर पर भंडारे का आयोजन कुशक रोड, स्वरूप नगर में गया। इस अवसर पर पुड़िया, कचौड़ी, आलू की सब्जी, लडडू, केले और हलवे के प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर प्रभु राम के जयकारे लगाए गए और 2000 से ज्यादा लोगों ने इस भंडारे में प्रसाद को ग्रहण लिया। इस अवसर पर आशीष गर्ग, तनुज गर्ग, राकेश शर्मा, निखिल गर्ग, संजय गर्ग, विजय गोयल, मनोज जैन, अजय तायल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आशीष गर्ग ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए।



# पालिका केन्द्र में एकदाना फाउंडेशन ने किया 21 हजार लड्डूओं का वितरण









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित पालिका बाजार के गेट नम्बर एक के बाहर एकदाना फाउंडेशन की ओर से 21 हजार लड्डूओं का वितरण किया गया। लड्डूओं का वितरण करने के लिए पंजाबी के जाने-माने गायक शंकर साहनी, कालकाजी मंदिर के पुजारी सुनील कुमार, मोहित पांडे, पालिका बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष दर्शन लाल ककड, वाईस प्रेसिडेंट कमलजीत राय, नरेन्द्र बोहरा, महासचिव विनय कुमार ठाकुर, जितेन्द्र गर्ग, साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश साहू, राजाराम साहू, फाउंडेशन के ट्रस्टी अमित कुमार, प्रेसिडेंट धीरज कुमार, महासचिव ऋतु श्रीवास्तव, सचिव सुनील कुमार सिंह, उपसचिव गौरी शंकर, सदस्य राजेश कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, विनीत कौशिक, सुनील झा, तीरथ राज आदि ने प्रसाद वितरित किया। अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम को सवा लाख दीये जलाये गये। वहीं दूसरी ओर बाजार एसोसिएशन एनडीटीए की ओर से कनाट प्लेस के गलियों कों सवा लाख दीये से रोशन किया गया। जनपथ मार्केट में भी जबरदस्त आयोजन किया गया। अमित कुमार ने आगे बताया कि एकदाना फाउंडेशन की ओर से पालिका बाजार के गेट नंबर एक के बाहर अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर का कट आउट लगाया गया और सवा लाख दीए जलाए गए। साथ ही 21 हजार लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। पंजाबी गायक शंकर साहनी ने प्रसाद वितरण किया और श्री राम पर रिलीज अपने नए गाने को भी गाकर सुनाया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का लें संकल्प: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भारत विकास परिषद एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ के संयोजन में सेक्टर-12 स्थित परेड ग्राउंड में भव्य श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी आहुति डाली। सुबह साढ़े नौ बजे से सुंदरकांड पाठ शुरू हुआ, जिसमें रसराज जी महाराज ने प्रवक्ता के रूप में सुंदर पाठ का वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय



राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता अजय गौड़, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संघटक राजकुमार अग्रवाल व संदीप मित्तल ने केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित विधायकों व अन्य गणमान्य लोगों का श्रीराम का पटका पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि 500 सालों का इंतजार आज खत्म हो गया और अयोध्या में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो गई, आज का दिन हर सनातनी के लिए खास है क्योंकि इस पल का वर्षों से इंतजार किया जा रहा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का संकल्प पूरा करके नया कीर्तिमान रच दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश घर-घर दीप जलाकर दीपावली पर्व मनाएगा और श्री रामलला का अभिनंदन करेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श रहे है और हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज व देशहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में अयोध्या से श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया और जैसे ही श्री राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई, पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोषों से गूंज उठा। कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूरा देश राममय हो गया है, आज देश के लोग उत्सव मनाने में लगे है, जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली जा रही है, भंडारे किए जा रहे है और पूरी नगरी राममय हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो सपना देखा था, आज वह साकार हुआ है और अब अयोध्या में हर भारतवासी रामलला के दर्शन कर सकेगा।

# भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

रविवार को अशोका एनक्लेव पार्ट -3 के देवस्थल मंदिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भागीदारी की। यह शोभा यात्रा अशोका एनक्लेव पार्ट-3 के देव स्थल मंदिर से होते हुए सराय मार्किट नेशनल हाईवे से होकर मंदिर स्थल पर आकर रूकी। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रेसिडेंट मदन पुजारा ने बताया की आज की इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया । वही प्रसाद ग्रहण कर श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया । शोभा यात्रा से पूर्व मंदिर में सुबह अखंड पाठ और आरती का



आयोजन किया गया। उसके बाद अयोध्या आंदोलन में भाग लेने वाले श्रीराम भक्तों कारसेवकों को भी सम्मानित किया गया। प्रेसिडेंट मदन पुजारा ने बताया की हम सभी के लिए बड़े गर्व की बात है की आज हम इसके साक्षी बन रहे है। प्रभु श्री राम अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को आ रहे है। जिन्होंने भी इस गरिमामय कार्य को पूरा करने में अपना त्याग दिया है , उन्हें वह मंदिर कमिटी की और से नमन करते है । माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी सरकार को वह धन्यवाद करते है । उन सभी आंदोलन से जुड़े श्री राम भक्तों को जिनकी बदौलत आज यह ऐतिहासिक दिन हम सब को देखने का मौका मिल रहा है। उन्हें धन्यवाद करते है ।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वयं भगवान ने पीएम मोदी को दिया प्रतिष्ठा का अवसर - राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

विधायक राजेश नागर ने कहा कि भगवान श्रीराम ने स्वयं पीएम नरेंद्र मोदी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा करने का अवसर प्रदान किया है। वह यहां प्राणायाम सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के उपलक्ष्य में किया गया था। उन्होंने यहां आयोजित भंडारे में भी प्रसाद वितरित कर पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर नागर ने कहा कि भगवान ने स्वयं कहा है कि मैं धर्म की पुनर्स्थापना करने आता हूं। वह ना-ना प्रकार के रूपों को धारण करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान समस्त जीवन के स्वामी हैं। वह चाहें तो कुछ भी कर लें लेकिन वह अपने भक्तों को अवसर प्रदान करते हैं। ऐसा ही अवसर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है। आज मोदी 500 वर्षों के संघर्ष के प्रतीक बन गए हैं। उन्होंने संकल्प से सिद्धि तक के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करके दिखा दिया है। आज भगवान के अयोध्या धाम में पधारने पर जहां विश्व हर्षित है वहीं वह शहीद आत्माएं भी शांति प्राप्त करेंगी, जिन्होंने अपना जीवन इस दिन के लिए दे दिया। विधायक नागर ने सभी से शाम को अपने घरों संस्थाओं में दीये जलाने की अपील की। वह इसके साथ ही बीपीटीपी हूडा पार्क सेक्टर 76, ए ब्लॉक बीपीटीपी सेक्टर 85, एलीट फ्लोर सेक्टर 84, बीपीटीपी प्राइड सोसाइटी आदि अनेक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी करने पहुंचे। वहीं उनके अपने भतौला निवास पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इन अवसरों पर जस्टिस संगीता धींगड़ा सहगल, योगेश मान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, विजय भारद्वाज, हेमा भारद्वाज, निशांत रस्तोगी, गुरजीत गांधी, अंशुमान कौशिक, आशीष भारद्वाज, विजय सिंह, अंजना सिंह, रंजना शर्मा, ए ब्लॉक बीपीटीपी सेक्टर 85 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश शर्मा, एलीट फ्लोर सेक्टर 84 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अरविंदर दत्त तिवारी, सुधीर शर्मा, बीपीटीपी प्राइड सोसाइटी भूपेंद्र अधाना, सुरेश अधाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### घर से लापता 15 वर्षीय लडके को क्राइम ब्रांच कैट व पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने अनखीर पुलिस चौकी टीम के साथ संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए घर से लापता नाबालिक लडके को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की नाबालिक लडका 20 जनवरी को अपने घर से बिना बताए घर से निकल गया था जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया था। लडके के नही मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना सुरजकुण्ड में लडके के गुम होन की सूचना दी गई। सूचना पर थाना सुरजकुण्ड में मुकदमा दर्ज कर नाबालिक लडके की तलाश की जा रही थी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए नाबालिक लडके को फरीदाबाद कॉमप्लेक्स एरिया से तलाश किया है। नाबालिंक लडके से पूछताछ में समाने आया कि वह अपने परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज था जिसको लेकर वह अपने घर से बिना बताए निकल गया था। जो अब अपने परिजनों के साथ जाना चहाता है। पुलिस टीम के द्वारा परिजनों को समझाते हुए लड़के को हवाले किया है। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

### ग्रीनफील्ड कॉलोनी में हुआ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद ग्रीन फील्ड कॉलोनी में आज श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जेएमडी मार्केट में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल विधानसभा से भाजपा नेता और पूर्व पार्षद कैलाश बैसला उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर में शाम शाम होते होते करीब 100 यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्रित हुआ । ग्रीन फील्ड कॉलोनी आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट डॉक्टर नेहा चौधरी ने रक्तदान शिविर में पहुंचे कैलाश बैंसला का बुके द्वारा स्वागत किया गया।

## ट्रैफिक पुलिस टीम ने वाहन चालको के काटे 1131 चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के अवैध पार्किंग, विदाउट नंबर प्लेट/ विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एवं विदाउट हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग इत्यादि के चालान किए है। विषेश अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के 1131 चालान किए है जिसमें अवैध पार्किंग के 75 चालान, विदाउट नंबर प्लेट/ विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 19 चालान, विदाउट हेलमेट के 378 चालान, ट्रिपल राइडिंगके 16 चालान किए गए।

## श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब ने निकाली श्रीराम शोभायात्रा, शाम को किया राज्याभिषेक

**शोभायात्रा**

8 *समालखा में दिनभर गूंजे जय श्रीराम के जयकारें*
कांग्रेस कभी धर्म की राजनीति नहीं करती: धर्म सिंह छौक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, 22 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने की खुशी में श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब के द्वारा शहर में श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के बाद श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया।
शोभायात्रा के दौरान शहर में जय श्रीराम के जयकारें गूंजते रहे।
श्रीराम शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक धर्म सिंह छौक्कर बतौर



मुख्य अतिथि पहुंचे।इस मौके पर विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने रामभक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म की राजनीति नहीं करती।भगवान राम हम सबके है। श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब केई दशकों से समालखा में रामलीला मंचन करती आ रही हैं ओर हर साल दशहरा पर इस तरह की शोभायात्रा निकालती है। आज मैं विधायक के रूप में नहीं बल्कि एक रामभक्त के होने के नाते शोभायात्रा में शामिल हो रहा हूं। समालखा मंडी में पिछले कई दशकों से श्रीराम की लीलाओं का मंचन करती आ रही रामलीला कमेटी की सोमवार को निकली श्रीराम की भव्य झांकी में अयोध्या में टाट से ठाठ में पहुंचे श्रीराम मंदिर की झांकी सबके आकर्षण का केंद्र रही। राष्ट्रीय ध्वज की अगुवाई में चलाई गई श्री राम झांकी में छोटे-छोटे बच्चे लव कुश के रूप में श्री राम कथा सुनाते हुए चल रहे थे। श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी को भव्य रथ पर विराजमान किया गया। सभी देवताओं की झांकी ने भी सबको आकर्षित किया।
श्रीरामा क्लब की बैड बाजे के साथ निकाली गई। रामलीला के कलाकार बैंड बाजा की धुन पर नाचते झूमते हुए व जय श्रीराम के जयकारें लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में झांकियों को देखने के लिए शहर वासी उमड़ पड़े। शोभायात्रा का रेलवे रोड पर दुकानदारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह भव्य झांकी दोपहर करीब तीन बजे अनाज मंडी से शुरू हो कर जीटी रोड, रेलवे रोड से होते हुए शाम करीब सात बजे रेलवे स्टेशन के पास रामलीला मैदान पर सम्पन्न हुई,जहां भगवान श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। इससे पूर्व रामलीला कमेटी के प्रधान एवं पूर्व पार्षद बिजेंद्र बिट्टू, पूर्व पार्षद सत्यप्रकाश गर्ग,पूर्व पार्षद श्याम बरेजा,राजेश शर्मा,दिनेश शर्मा, जयपाल शर्मा, राजेन्द्र जैन,शैलेश पांचाल, रविन्द्र ने विधायक धर्म सिंह छौक्कर का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के हम सभी साक्षी बन गए: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर बजाना कलां स्थित बाबा समाध वालामंदिर में चल रहा अखंड रामायण पाठ का समापन हवन यज्ञ के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और मंदिर में विशाल भंडारा लगाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि आज का दिन बहुत ही सुखदाई है हम



सौभाग्यशाली है कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के हम सभी साक्षी बन गए है यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर अजित पहलवान, राजबीर शास्त्री, प्रेम सिंह, महंत छत्तरपुरी, पं. धर्मबीर, यशपाल कादियान, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एस्कॉर्टस-कोबोटा धार्मिक कमेटी ने रामल्ला की प्राण प्रतिष्ठा में बांटा प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

एस्कॉर्टस-कोबोटा लिमिटेड (कम्पोनेन्ट) के गेट नम्बर-1 पर एस्कॉर्टस कोबोटा धार्मिक कमेटी के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में राहगीरों को राजमा चावल का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर एस्कॉर्टस कोबोटा धार्मिक कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि आज देश ही नहीं पूरा विश्व भगवान राम के अयोध्या में प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मना रहा है। आज का ऐतिहासिक दिन है जिसे सभी धर्मो के लोग मिलकर मना रहे है। हमें भगवान राम के आदर्शा पर चलना है और हमेशा धैर्य बनाए रखना है और अपने माता

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नाराय बालाजी मंदिर में हजारो लोगो ने चखा भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की धूम पूरे देश में मची हुई है। सोनीपत शहर में दर्जनों स्थानों पर हवन एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर की महावीर कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवराज दीवान के सुपुत्र कमल दीवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।कार्यक्रम के दौरान जयश्री राम के नारो से आसमान गूंज उठा। सभी श्रद्धालु भगवान श्रीराम का जय घोष करते नजर आ रहे थे।
मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कमल दीवान ने कहा कि अयोध्या में आयोजित श्री राम लाल जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज सोनीपत के सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में हवन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि हमें सच्चाई के रास्ते पर एवं भगवान श्री राम के दिखाएं मार्ग पर चलना है।
मंदिर समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने बताया कि भगवान श्री राम की प्रमाण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में भव्य कार्यक्रम हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में उत्साह है और पूरा देश इस पर्व को दिवाली की तरह बनाएगा। उन्होंने समस्त शहरवासिओ को बधाई दी। इस अवसर पर विकास खत्री, राजकरण शर्मा, संजीव बत्रा, अशोक अरोड़ा, संजय कुकड़ेजा, सतबीर निर्माण, कर्मबीर सरोहा, हनुमान वर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, सुरेंद्र गंभीर, मेहरचंद मानिक, राजेश भारद्वाज, आनंद लाकड़ा, मुकेश भोला, हरगोविंद गंभीर, संदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, बनवारी लाल , केसी बत्रा , सुदर्शन बत्रा , रिंकू खतरेजा , केसी डुडेजा , अशोक शर्मा, धर्मबीर पहलवान, अनिल पहलवान, भोजराज पहलवान, सोनू, करण सिंह लाकड़ा, ओम कुवर खत्री , प.ओमप्रकाश पुजारी, राजेश कालूपुर, जतीन भारद्वाज, वीना भारद्वाज, मेघा दीवान, बनासरी देवी, पूनम शर्मा , सुनीता लाकड़ा, लक्ष्मी शर्मा, सुशीला खत्री, परमेश्वरी देवी, किशनी आदि मौजूद रहे।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विवि में देखा राम मंदिर का सीधा प्रसारण

**शोभायात्रा**

8 कुलपति डॉ. राज नेहरू ने किया भगवान राम के आदर्शों को जीवन में धारण करने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

हृदय में श्रद्धा... चेहरे पर उत्साह और मुंह में राम-राम... श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में सोमवार को ऐसा ही दृश्य नजर आया। अवसर था अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण का। कुलपति डॉ. राज नेहरू एवं कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा की उपस्थिति में



विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मिलकर अयोध्या से इस आयोजन का सीधा प्रसारण देखा। सभी प्रभु राम की भक्ति में रंगे हुए नजर आए।
इस अवसर पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि भगवान राम हम सबके आराध्य हैं। वह जीवन के हर आयाम में हमारे आदर्श हैं। उन्होंने मानव जाति को मयार्दा सिखाई और सामाजिक जीवन में सबके सामने आदर्श स्थापित किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सभी से भगवान रामचंद्र की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के लिए है यह दिन इसलिए भी ऐतिहासिक है कि 22 जनवरी 2018 को ही विश्वविद्यालय के नए परिसर निर्माण के लिए इरकॉन के साथ अनुबंध हुआ था। यह दिन हमारे लिए हमेशा यादगार रहेगा। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि भगवान रामचंद्र का चरित्र हम सबके लिए अनुकरणीय है। हमें भगवान रामचंद्र की पूजा करने के साथ-साथ उनको अपने जीवन में धारण भी करना चाहिए।

## देश विदेश में आज करोड़ों लोगों ने मनाई दीपावली: रेनू भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सैंकड़ों राम भक्तों के साथ आज शोभा यात्रा का आयोजन किया। चेयरपर्सन रेनु भाटिया ने एनआईटी स्थित अपने निजी आवास से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया जोकि एनआईटी-1 मैन मार्किट के बीच से निकलकर मिलाप दवाखाना से होते हुए कल्याण सिंह चौक, आर्य समाज रोड से सीधे गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी 1 पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा का जगह-जगह पर राम भक्तों, दुकानदारों एवं वालंटियर्स ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।



इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया द्वारा एनआईटी 1 मैन मार्किट में मिलाप दवाखाना चौक पर भगवान श्री राम जी की 22 फीट ऊंचे स्टैच्यू का अनावरण भी किया गया। यात्रा में शामिल राम भक्त भगवान श्री राम के भजनों एवं भक्ति गीतों पर थिरके। वहीं चारों ओर जय श्री राम के नारों की गूंज सुनाई दी। शोभा यात्रा में महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा कॉलेजों और स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महिला आयोग की चेयरपर्सन ने भगवा रंग की पगड़ी पहन कर शोभायात्रा की अगुवाई की। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि आज का दिन उत्सव का नहीं महा उत्सव का दिन है। हम सबका सौभाग्य है आज हम सब यह दिन देख पा रहे है। जब इतिहास लिखा जायेगा कि रामलला अयोध्या के मंदिर में विराजमान कब हुए तो आज के दिन जिक्र किया जाएगा। आज के दिन से बड़ा कोई उत्सव नहीं हो सकता। युग बदल रहा है जो इतिहास हम सबसे छुपाया गया वही इतिहास हमारे देश के प्रमुख नेता आज वापस लेकर आये है। हिन्दुस्तान का इतिहास बहुत गहरा और संस्कारी है। आज देश विदेश में रह रहे करोड़ों रामभक्तों का मन भावुक है क्योंकि सभी रामभक्तों को अपने प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण का पिछले 500 सालों से इंतजार था। इस पल को वर्णित करना बेहद कठिन है। हर मन में राम नाम है। ऐसा लगता है कि हर मार्ग अयोध्या की ओर जा रहा है। सभी के मुख पर आज सिर्फ हर राम नाम का जाप है। सभी के रोम रोम में राम रम गए हैं। ऐसे लग रहा है कि हम फिरसे भगवान राम के युग में प्रवेश कर गए हैं। आज के दिन हर एक राम भक्त के मन में गर्व और संतोष का भाव है। इस दिन के इंतजार में पांच सौ साल बीत गए। दर्जनों पीढ़ियों का भी इस अधूरी कामना को पूरा होते देखे बिना ही जीवन सम्पूर्ण हो गया।

## खरखौदा हलके से 3 बार विधायक वाल्मीकि को अहम जिम्मेदारी सौंपी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस सक्रिय हो गयी है। 10 जनवरी को जनरल हाउस की मीटिंग के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व ने हरियाणा में चार कमेटियों का गठन कर पार्टी नेताओं की जिम्मेदारी तय कर दी है। जिसमे खरखौदा हलके से 3 बार विधायक एवं वरिष्ठ एससी कांग्रेस नेता जयवीर वाल्मीकि को अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। विधायक जयवीर को प्रदेश इलेक्शन कमेटी एवं पॉलटिकल अफेयर्स कमेटी में सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि प्रदेश इलेक्शन कमेटी का मुख्य कार्य योग्य उम्मीदवारों की पहचान कर टिकटों का चयन करने से लेकर चुनाव का मुख्य कार्य देखना है। इस प्रकार विधायक जयवीर को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद पार्टी में उनका कद काफी बढ़ गया है। हुड्डा सरकार में विधायक जयवीर को मुख्य संसदीय सचिव बनाया गया था और यह भी माना जा रहा है कि भविष्य की कोंग्रेस सरकार में भी विधायक जयवीर को काफी महत्व दिया जाएगा। विधायक जयवीर को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद खरखौदा हलके के कांग्रेसी कार्यकताओं में खुशी की लहर है और कांग्रेस कमेटी खरखौदा की तरफ से पीसीसी डेलीगेट जोगिंदर दहिया,सुरेंद्र दहिया, कुलदीप दहिया, शमशेर सिलाना, आनंद प्रधान, भोला पहलवान, बेदी प्रधान, सतीश, बब्लू प्रधान, सुनील दहिया और अंकित दहिया,प्रधान युवा कॉग्रेस खरखौदा सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकताओं ने विधायक जयवीर पर विश्वास जताने के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रभारी दीपक बावरिया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार प्रकट किया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## टीम इंडिया की जर्सी बनाने वाले ने बनाए राम लला के वस्त्र

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**

अयोध्या में राम लला विराजमान हो गए। सोमवार को भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में राम लला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने मंदिर को दिव्य, भव्य और सुंदर बनाने में गिलहरी समान योगदान देने वालों का भी उल्लेख किया था। आइए जानते हैं रामकाज करने वाले चेहरों को... जिस मूर्ति की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा हुई उसे मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

अरुण योगीराज मैसूर महल के प्रसिद्ध मूर्तिकारों के परिवार से हैं। वह अपने परिवार की पांचवी पीढ़ी के मूर्तिकार हैं। उनके पिता योगीराज शिल्पी भी एक बेहतरीन मूर्तिकार हैं और दादा बसवन्ना शिल्पी को मैसूर के राजा का संरक्षण हासिल था। अरुण योगीराज ने मैसूर विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई पूरी की और करियर की शुरूआत एक प्राइवेट कंपनी में काम करके की। बाद में वह अपने अंदर के मूर्तिकार को रोक न सके और नौकरी छोड़कर 2008 में मूर्तिकला के क्षेत्र में काम करना शुरू किया। अरुण योगीराज ने इससे पहले दिल्ली के इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति स्थल के पीछे स्थापित सुभाष चंद्र बोस की 30 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी। इस मूर्ति को भव्य छतरी के नीचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापित किया था। इसके अलावा केदारनाथ धाम में स्थापित आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा भी अरुण योगीराज ने ही बनाई है। साथ ही मैसूर में 21 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा को भी उन्होंने ही तराशा था। वर्तमान में अरुण योगीराज देश के सबसे अधिक व्यस्त मूर्तिकारों में से एक माने जाते हैं।

राजस्थान के सत्यनारायण पांडेय ने रामलला के बाल स्वरूप की तीन में से एक मूर्ति तैयार की है।

## एतिहासिक मंदिरों में दिन भर चला धार्मिक अनुष्ठान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर**

श्रीराम जन्मभूमि में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होने के बाद यहां हमीरपुर जिले में मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर दिन भर सुन्दरकांड पाठ और रामनाम का जाप का दौर चलता रहा। वही भंडारे में प्रसाद लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ भी जुटी। शाम होने से पहले श्रीराम की शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और रामभक्तों ने जय श्रीराम के



नारे लगाए। पूरे शहर में भगवा ध्वज लगाए गए है। वही सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में बिजली की झालरें लगाई गई है।

भीषण सर्दी के बीच यहां हमीरपुर में एतिहासिक चौरादेवी, बड़े मंदिर और बाला जी मंदिर समेत तमाम धार्मिक स्थलों में सुन्दरकांड का पाठ किया गया। चौरादेवी मंदिर में तो इक्कीस कुंडीय यज्ञ की धूम मची जहां हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। रमेड़ी मुहाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने बालाजी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराया। मंदिर प्रांगण में श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी एलईडी के जरिए दिखाया गया। यहां धार्मिक आयोजन की धूम शाम तक मची रही। बाद में भंडारे में दिव्य प्रसाद का वितरण कराया गया। चंदन शुक्ला ने मंदिर में विशेष पूजा भी की। इधर, सुभाष बाजार में महावीर मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। सुन्दरकांड का पाठ कराने के साथ रामनाम का जाप भी रामभक्तों ने किया। मंदिर में अखंड ज्योति भी जलाई गई है।

## प्रधानमंत्री ने देश को आध्यात्मिक शक्ति के रूप में जोड़ने का काम किया: बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी बिपल्ब कुमार देब ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में रामलला के विराजमान होने पर कहा कि आज का दिन इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। भाजपा प्रभारी देब सोमवार को भिवानी जिले के सिवानी के ग्राम झुम्पा कलां में आयोजित श्रीराम महोत्सव एवं खादी संवाद बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे करिश्माई नेता के नेतृत्व में देशवासी इस गौरवशाली क्षणों के साक्षी बने हैं। देब ने रामलाल विराजमान होने पर देशवासियों को बधाई दी। देब ने प्रधानमंत्री मोदी का भी कोटि-कोटि आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी भाग्यशाली है, जिन्हें नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला, जिनके नेतृत्व में सभी ने पांच सौ साल बाद राम मंदिर बनने के सपने को सच होते देखा। इससे पहले बिप्लब देब ने यहां अयोध्या से रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सभी के साथ बैठकर लाइव भी देखा। प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के बाद प्रदेश प्रभारी देब ने कहा कि यह हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। जिसकी हम 500 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। हमें अपने जीवनकाल में यह अनुभव करने का अवसर मिला इसके लिए हम बहुत सौभाग्यशाली हैं।

## सबसे पहले राम मंदिर के दरवाजे राजीव गांधी ने खोले: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**आस्था के प्रतीक**

**8 पूर्व सीएम बोले भगवान राम को किसी पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए, सबके लिए पूजनीय व श्रद्धा के केंद्र**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भगवान राम सभी की आस्था के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले राम मंदिर के दरवाजे राजीव गांधी ने खोले थे, केंद्र में कांग्रेस सरकार थी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि इन्हीं के शासन के दौरान सालों से बंद पड़े मंदिर के दरवाजे खोले गए थे। राजीव गांधी ने बीर बहादुर सिंह के साथ तालमेल कर मंदिर के ताले खुलवाए और जिसके बाद 9 नवंबर, 1989 में अयोध्या में शिलान्यास हुआ। भगवान राम को किसी पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए, वह सबके लिए पूजनीय व श्रद्धा के केंद्र हैं, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वे सोमवार को बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में पहुंचे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी जनता की उम्मीदों और अपने चुनावी घोषणापत्र को लागू करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं है। हरियाणा में चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। पार्टी पिछले पांच साल से लगातार जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज उठा रही है। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सत्ता सुख भोगने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी और कांग्रेस अपने घोषणापत्र में किए गए हर एक वादे को पूरा करेगी। जबकि बीजेपी-जेजेपी ने चुनावी घोषणाओं के नाम पर सिर्फ जनता के साथ धोखा किया है। बुजुर्गों को 5100 पेंशन, 75: नौकरियों में आरक्षण, एमएसपी की गारंटी, किसानों की डबल आय, हर परिवार को पक्का मकान देने जैसे तमाम वादे झूठ साबित हुए।

## हिमाचल प्रदेश में शुरू हुआ भारत-किर्गिस्तान का युद्धाभ्यास 'खंजर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रशिक्षण स्कूल**

**8 यह अभ्यास दोनों पक्षों को रक्षा संबंध मजबूत बनाने का मौका देगा, भारत का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक करेंगे**

भारत-किर्गिस्तान का 11वां संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में सोमवार से शुरू हो गया है। यह अभ्यास 3 फरवरी तक चलेगा। यह अभ्यास दोनों देशों में बारी-बारी से हर साल आयोजित किया जाता है। अभ्यास में 20 कर्मियों वाले भारतीय सेना के दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं। इसी तरह किर्गिस्तान के दल में 20 कर्मियों का प्रतिनिधित्व स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-श्क्क के अंतर्गत निर्मित क्षेत्र तथा पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के संचालन का आदान-प्रदान करना है। यह अभ्यास विशेष बल के कौशल की उन्नत तकनीकों को विकसित करने पर बल देगा।

## प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने हैं: साय

**टीम एक्शन इंडिया/**

**आज** माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण की पावन भूमि पर प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आप सभी को गाड़ा-गाड़ा बधाई और शुभकामनाएं। आज हम सब प्रत्यक्ष रूप से अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में यह शुभ कार्यक्रम संपन्न हुआ, उनके साथ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वहां की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लाखों संतों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ है। आज हम सबने प्राण प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखा और भगवान श्रीराम की अलौकिक बाल प्रतिमा के दर्शन भी किए हैं। हमने प्रधानमंत्री जी को भी विस्तार से सुना है। आज हमारे छत्तीसगढ़ का बड़ा सौभाग्य है, छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है, माता कौशल्या की जन्मभूमि है।

